www.epaper.azadsipahi.in

06 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 226

शहीदों को सम्मान देने की परंपरा नहीं रुकेगी: हेमंत सोरेन





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुआ बेंगलुरु हादसा

## ■ त्रासदी को हादसा बताने की जल्दबाजी ने साबित की कांग्रेस की कमजोरी

## ■ पुलिस प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन पर ध्यान दिया होता, तो नहीं होता यह हादसा

**आजाद सिपाही विशेष**

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद से प्रशासन पर लापरवाही और कुप्रबंधन के आरोप लग रहे हैं। सरकार ने मुआवजे की घोषणा तो कर दी है, लेकिन जवाबदेही तय करने की मांग की जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर प्रशासन को अंदाजा कैसे नहीं था कि लाखों लोग जश्न में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। इतने बड़े आयोजन की अनुमति बिना पुख्ता व्यवस्था के क्यों दी गयी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाबलों की तैनाती क्यों नहीं की गयी। सवाल कई सारे हैं और इनके जवाब मिलना भी जरूरी है। बेंगलुरु की टीम आरसीबी ने 18 साल के लंबे इंतजार के बाद आइपीएल ट्रॉफी जीती थी। जाहिर है कि टीम के साथ फैंस का भी उत्साह चरम पर था। हादसे के बाद जीत का जश्न मातम में बदलते देर नहीं लगी। हालांकि इसके संकेत दोपहर से ही मिलने लगे थे। दोपहर से ही स्टेडियम के बाहर लोगों की भीड़ पास लेने के लिए जुटने लगी थी। इस दौरान ये बात फैल गयी कि टिकट 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दिया जायेगा। इससे भीड़ बेसब्र हो गयी। कई लोग इस उम्मीद में थे कि टिकट मिले या न मिले, स्टेडियम में किसी तरह एंट्री मिल ही जायेगी। स्टेडियम में एंट्री के लिए पूर्वी गेट खोला गया, जिसमें दो लोग एक साथ मुश्किल से ही घुस सकते थे। लेकिन इस गेट से पूरी भीड़ एक साथ घुसने की कोशिश करने लगी। वास्तव में यह पूरा हादसा कांग्रेस सरकार की कमजोरी और प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। क्या हुआ बेंगलुरु में और किस तरह एक और भगदड़ में निर्दोष लोगों की जान चली गयी, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बेंगलुरु के इतिहास में जो एक उल्लासपूर्ण क्षण होना चाहिए था, वह कुप्रबंधन और त्रासदी के एक भयावह दृश्य में बदल गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) द्वारा 18 वर्षों के बाद अपना पहला आइपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में कम से कम 11 लोगों की जान चली गयी और तीन दर्जन लोग घायल हो गये। जश्न जल्द ही अराजकता में बदल गया, जिससे कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार द्वारा भीड़ नियंत्रण में घोर विफलता उजागर हुई। यह हादसा आरसीबी की बहुप्रतीक्षित विजय परेड के समापन के दौरान हुआ, जिसमें हजारों प्रशंसक शामिल हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और वायरल वीडियो में अनियंत्रित भीड़, अड़चनों वाले प्रवेश बिंदु और स्पष्ट रूप से कम तैयार सुरक्षा तंत्र दिखाई दे रहा है। शहर के लिए गौरव के क्षण के रूप में जो योजना बनायी गयी थी, वह प्रशासन के रिकॉर्ड पर एक काला धब्बा बनकर रह गयी।

### चेतावनी के बाद भी आयोजन

पुलिस ने पहले ही कार्यक्रम के आयोजन को हाइ-रिस्क वाला बताया था, लेकिन बावजूद इसके, आयोजन किया गया। लाखों की भीड़ को देखने हुए पुलिस ने विक्ट्री परेड को रद्द करने की जानकारी दी थी। बावजूद इसके, आरसीबी की तरफ से सोशल मीडिया पर विजय परेड होने और फ्री पास के सीमित होने की जानकारी शेयर की गयी। स्टेडियम का गेट खुला और लोगों ने एंट्री के लिए धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी। कतार तो छोड़िए, सारे नियम-कायदे और सिविल अनुशासन ताक पर रख दिये गये। कोई गेट पर चढ़ने की कोशिश करने लगा, कोई बैरिकेड्स को धक्का देने लगा। लोग इस कदर उमड़े थे कि स्टेडियम तो छोड़िए, सड़क पर भी तिल रखने की जगह नहीं बची थी।

### स्पष्ट लापरवाही और कुप्रबंधन

हादसे के बाद भले ही सरकार यह कह रही हो कि कार्यक्रम आनन-फानन में हुआ और तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला, लेकिन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने तीन जून को ही सरकार को पत्र लिखकर कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि एंट्री प्वाइंट पर भीड़ के टूट पड़ने के कारण भगदड़ मची। क्या प्रशासन के पास वहां इंतजाम कम पड़ गया। बताया ये भी जा रहा है कि सिटी पुलिस का एक बड़ा हिस्सा विधान सौधा परिसर में तैनात कर दिया गया था, क्योंकि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राज्यपाल वहां पहुंचने वाले थे। विधान सौधा और स्टेडियम, दोनों ही जगह अनुमान से अधिक भीड़ पहुंची, जिससे पुलिस इन्हें नियंत्रित नहीं कर पायी।



### मुंबई विजय परेड की तुलना नहीं

यह आपदा पिछले साल मुंबई में आयोजित की गयी विजय परेड से तुलना करने पर और भी अधिक भयावह हो जाती है, जब टीम इंडिया अमेरिका और कैरिबियन द्वीपों में आयोजित टी20 विश्व कप से विजयी होकर घर लौटी थी। उस मामले में मुंबई पुलिस ने शहर के अधिकारियों के साथ मिलकर भारतीय टीम के लिए एक खुली बस परेड आयोजित की थी, जिसमें खिलाड़ियों ने प्रतिष्ठित मरीन ड्राइव पर उमड़ी भीड़ के सामने विश्व कप ट्रॉफी दिखायी थी, जिसे 'क्वींस नेकलेस' के नाम से भी जाना जाता है।

### कैसे हुआ था मुंबई के विजय जुलूस का कुशलतापूर्वक प्रबंधन

मुंबई परेड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी थीं। नरीमन प्वाइंट से चौपाटी तक प्रशंसकों का एक समूह सड़कों, बालकनियों और छतों से जयकारे लगा रहा था और एक भी बड़ी घटना की खबर नहीं आयी। यह सफल आयोजन महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की दूरदर्शिता, अनुशासन और समन्वय का प्रमाण था। इसके विपरीत कर्नाटक में सिद्धारमैया की कांग्रेस सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है, न केवल इस त्रासदी के लिए, बल्कि बेंगलुरु में प्रशासनिक सुस्ती और खराब शहरी नियोजन के चल रहे पैटर्न के लिए भी। चाहे वह गड्ढों से भरी सड़कें हों, कुप्रबंधित त्योहार हों या नागरिक उदासीनता, सरकार हमेशा पीछे की ओर ही खड़ी दिखती है।

### अल्लू अर्जुन भगदड़ की घटना में हुए थे गिरफ्तार

चिंता की बात यह है कि आरसीबी में भगदड़ कोई अकेली घटना नहीं है। कुछ महीने पहले ही, हैदराबाद में अपनी नवीनतम फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ के दौरान एक प्रशंसक की मौत के सिलसिले में टॉलीवुड सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था। यह कार्यक्रम एक भव्य प्रीमियर के रूप में आयोजित किया गया था, लेकिन इसमें भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बुनियादी व्यवस्थाएं नहीं थीं। दुखद परिणाम यह हुआ कि एक और युवा की जान चली गयी। यह राज्य में हाइ प्रोफाइल सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भीड़ के व्यवहार का अनुमान लगाने और उसे प्रबंधित करने में अधिकारियों की विफलता को और उजागर करता है।

### प्राकृतिक नहीं था बेंगलुरु हादसा

आरसीबी भगदड़ कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी। यह एक मानव निर्मित विफलता थी। आत्मसंतुष्टि, खराब योजना और लोगों के उत्साह और प्रशासन की तैयारियों के बीच स्पष्ट विसंगति का परिणाम। मुंबई के विपरीत बेंगलुरु में कोई खुली बस परेड की योजना नहीं बनायी गयी थी। फिर भी एक स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भी मौतें हुईं। यह दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार जनता के उत्साह को संभालने में कितनी अक्षम थी।

### अब आगे क्या

केवल शोक संदेश और मुआवजा चेक देना ही काफी नहीं है। जवाबदेही होनी चाहिए। उच्च स्तरीय जांच जरूरी है और अगर जांच में समन्वय में कमी या प्रोटोकॉल का पालन न करने की बात सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों को, चाहे वे किसी भी पद पर हों, जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। भारत एक ऐसा देश है, जहा क्रिकेट का जश्न एक तमाशा है। इसलिए इस तरह की त्रासदियां अक्षम्य हैं। इसलिए बेंगलुरु में जो हुआ, वह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं थी। यह दबाव में ढहने वाली शासन व्यवस्था का लक्षण था, जबकि अन्य राज्यों में ऐसा कुशल प्रबंधन देखने को मिलता है। अंतर भीड़ में नहीं है, अंतर सरकार में है।

---

# आज पूरी दुनिया के लिए पर्यावरण एक बड़ी चुनौती: हेमंत

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ हो रही है। पर्यावरण पर हो रहा यह हमला मानव जीवन और जीव जंतुओं के लिए खतरा बनता जा रहा है। आज पर्यावरण पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। अगर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे नहीं आये, तो हम सभी को इसके गंभीर परिणाम भुगतने से कोई रोक नहीं सकता। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को रांची में डोरंडा स्थित वन भवन में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रकृति का सीधा संबंध हमारे जीवन से जुड़ा है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी मानव जीवन और अन्य जीव जंतु सुरक्षित रहेंगे।

ऐसे में वनों को बढ़ाने का प्रयास करना है। उन्होंने लोगों से कहा कि इसके लिए हम सभी सिर्फ एक-एक पेड़ भी लगायें तो निश्चित तौर पर बदलाव देखने को मिलेगा और यह पर्यावरण के लिए काफी निर्णायक साबित होगा।




### झारखंड का नाम ही हरियाली का प्रतीक है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का नाम ही हरियाली का प्रतीक है। जल, जंगल और जमीन इस राज्य की पहचान है। इतना ही नहीं, किसी ना किसी माध्यम से हम सदियों से प्रकृति की पूजा करते आ रहे हैं। हमें ना सिर्फ प्रकृति के साथ जुड़ा रहना है, बल्कि इसे और समृद्ध करने के लिए पहल करना है। इस दिशा में हमारी सरकार ने प्रयोग किये हैं। अब सरकारी समारोहों में अतिथियों को पौधा प्रदान करने की परंपरा को शुरू किया है। इसका मकसद पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग और सतर्क करना है।

### दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ आगे आना होगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार के स्तर पर कई नियम- कानून और नीतियां बनायी गयी हैं, लेकिन इन नियमों और नीतियों से बेहतर है कि हम सभी दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कार्य करें। जब हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होगा, तभी प्रकृति को सुरक्षित रख सकेंगे।

**आज की जरूरत है संतुलित विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास की नयी ऊंचाइयों को छूना है। पर्यावरण का भी ख्याल रखना है। मानव जीवन और जीव जंतुओं को भी सुरक्षित करना है। ऐसे में पर्यावरण के साथ तालमेल स्थापित करना आज की जरूरत है। यह संतुलित विकास से ही संभव है। ऐसे में पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ना है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, संजय प्रसाद यादव, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक अमित कुमार महतो, विधायक सुरेश बैठा, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ऐसी चीजों से दोस्ती करें, जिससे पर्यावरण को खतरा नहीं हो

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हमें ऐसी चीजों से दोस्ती करनी चाहिए, जिससे पर्यावरण को खतरा नहीं हो। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। एक छोटा सा प्लास्टिक का बैग आपकी जिंदगी को खतरे में डाल सकता है। इसी वजह से प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाये जा रहे हैं। हलांकि, इसका कोई अंतिम परिणाम अभी तक सामने नहीं आ पाया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक आने के पूर्व भी हमारी जिंदगी चल रही थी। हम एन्वायरमेंट फ्रेंडली सामानों का इस्तेमाल कर रहे थे और प्रकृति का बचाव भी हो रहा था । ऐसे में आज एक बार फिर हमें वैसी चीजों के इस्तेमाल के लिए आगे आना होगा, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचे।

---

# सीबीएसइ 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को कल्पना सोरेन ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला के जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल ने सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गिरिडीह के डीसी राम निवास यादव और एसपी डॉ विमल कुमार भी शामिल हुए।



**स्कूल परिसर में लगाये पौधे :** कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

# एसीबी ने इंजीनियर को 60 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

## घर से 17 लाख रुपये बरामद, जमीन के दस्तावेज भी मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी रांची ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सनोथ सोरेन को 60 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर बिल रिलीज करने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे। जिसकी शिकायत एसीबी के पास की गयी थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने गिरफ्तारी के बाद जब घर की तलाशी ली तो 17 लाख नगद और जमीन में निवेश के दस्तावेज बरामद किये।

www.epaper.azadsipahi.in

06 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 226

ट्रंप ने हार्वर्ड में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक लगायी




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## कार्तिक उरांव के नाम पर होगा सिरमटोली फ्लाइओवर

# शहीदों को सम्मान देने की परंपरा नहीं रुकेगी: हेमंत

### मुख्यमंत्री ने सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोलचक्कर तक फोरलेन फ्लाइओवर का लोकार्पण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को राज्य की जनता को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने आधुनिकतम तकनीक से निर्मित सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोलचक्कर तक फोरलेन फ्लाइओवर, एलिवेटेड पथ-सह-आरओबी परियोजना का उद्घाटन कर राज्य की जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने इस फ्लाइओवर का नामकरण झारखंड के सपूत दिवंगत कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा की। साथ ही डोरंडा स्थित वन भवन में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने सिरमटोली सरना स्थल में पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख - समृद्धि और शांति की कामना की।



**शहरों के व्यवस्थित विकास का हो रहा प्रयासः** मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के व्यवस्थित विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। कई योजनाओं का क्रियान्वयन जल्द होगा। उन्होंने कहा कि रांची को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस फ्लाइओवर के चालू होने से राजधानी वासियों को काफी हद तक ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगा और परिवहन में समय के साथ ईंधन की बचत होगी।

**राज्य की जनता के प्रति निभा रहे जिम्मेदारीः** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार को आपका बड़ा सहयोग मिला है। सरकार राज्य की जनता के प्रति जिम्मेदारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ निभा रही है। हम शहर से लेकर गांव तक हर व्यक्ति, वर्ग, समुदाय और तबके के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं, ताकि इस राज्य को पूरी मजबूती के साथ आगे ले जा सकें। इस कड़ी में जहां बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। वहीं, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जरिए नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसी ही कई और योजनाएं हैं, जिनसे लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास निरंतर जारी है।

### दूसरे देशों और राज्यों की अच्छी व्यवस्था को अपनायें : सीएम



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और राज्य से अपने राज्य की तुलना करना उचित नहीं है। हर देश की अपनी अलग-अलग व्यवस्थाएं, वातावरण, रहन-सहन और माहौल होते हैं, जिसे अपने प्रदेश में लागू करना उचित नहीं है। हम वहां की बेहतर व्यवस्था को अपने राज्य के वातावरण, जरूरतों और परिस्थितियों के अनुरूप अपना सकते हैं।

### वीरों- वीरांगनाओं का राज्य है झारखंड

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों-वीरांगनाओं की धरती है। हमारे पूर्वजों ने देश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। संविधान निर्माण समिति में भी हमारे राज्य के कई व्यक्तित्व शामिल थे। ऐसे में अपने इन वीर शहीदों, और शख्सियतों को सम्मान देने की परंपरा कभी नहीं रुकेगी।

## बेंगलुरु भगदड़: हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान, हुई सुनवाई

- सरकार ने कहा 2.5 लाख लोग फ्री एंट्री सोचकर आये
- कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 10 जून को

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाइकोर्ट ने गुरुवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास हुई भगदड़ से संबंधित मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि हमने महाधिवक्ता के समक्ष अपनी बात रखी है। उन्होंने एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है, जिसे रिकॉर्ड में लिया गया है। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस स्वतः संज्ञान को स्वतः संज्ञान रिट याचिका के रूप में पंजीकृत किया जाये। कोर्ट ने 10 जून, मंगलवार को याचिका को फिर से सूचीबद्ध करने के कहा।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि हम सबसे पहले यह अनुरोध करना चाहेंगे कि कोई दोषारोपण न हो। हम केवल तथ्यों को उसी रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं, जैसा कि वे घटित हुए थे। हम कोई प्रतिकूल दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए 1000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया था। स्टेडियम की क्षमता 35,000 है। आमतौर पर केवल 30,000 टिकट ही बिकते हैं। इस बार लगभग 2.5 लाख लोग यह सोचकर आये कि प्रवेश निःशुल्क है।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) शशि किरण शेट्टी ने बताया कि समारोह में निःशुल्क प्रवेश की घोषणा के कारण भारी भीड़ उमड़ी, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को विरोधात्मक तरीके से देखने का इरादा नहीं रखती है, बल्कि यह समझने का प्रयास कर रही है कि चूक कहां हुई ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियां न दोहराई जायें।



### मजिस्ट्रेट जांच शुरू, 15 दिन में रिपोर्ट आयेगी

कोर्ट ने कहा कि ऐसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) होनी चाहिए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि ऐसी जगहों पर एम्बुलेंस और निकटवर्ती अस्पतालों की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। इस पर महाधिवक्ता ने स्वीकार किया कि एम्बुलेंस मौजूद थीं, लेकिन इतनी बड़ी आपात स्थिति के लिए पर्याप्त नहीं थीं। महाधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है और यह 15 दिनों में पूरी हो जायेगी। सभी मौतें और घायल होने की घटनाएं कुल 21 में से केवल तीन गेटों पर हुईं।

## न्यूज रील्स

### देश में ही बनेगी राफेल विमानों की बॉडी

नयी दिल्ली। फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है। बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।

## जैक 12वीं आर्ट्स का रिजल्ट जारी

# 95.62 प्रतिशत परीक्षार्थी पास

### राजमहल के देव स्टेट टॉपर, पदमा की प्रेरणा दूसरे स्थान पर




### आर्ट्स के टॉप पांच विद्यार्थी

| रैंक | नाम | अंक | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | देव तिवारी | 481 | 2 जेके हाइ स्कूल, राजमहल |
| 2 | प्रेरणा कुमारी | 470 | आरएन +2 हाइ स्कूल पद्मा |
| 3 | सूरज कुमार दास | 466 | +2 जेके हाइ स्कूल राजमहल |
| 3 | कुमारी ऋतंभरा | 466 | उत्क्रमित (+2) हाइ स्कूल कुम्हरलालो |
| 4 | श्रेया आनंद | 464 | आरएन +2 हाइ स्कूल पद्मा |
| 5 | अनन्य पाल | 463 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज रांची |
| 5 | उषा रानी | 463 | राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ |
| 5 | शिवानी कुमारी | 463 | डॉ एएन +2 हाइ स्कूल कैरो लोहरदगा |

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने गुरुवार को 12वीं आर्ट्स का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट को लेकर जैक कार्यालय में कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। सीधे वेबसाइट पर रिजल्ट डाला गया है। इस बार 95.62 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं।

### 2.28 लाख छात्र-छात्राओं ने दी थी परीक्षा

12वीं आर्ट्स की परीक्षा में 2.28 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया, जिसमें 2.27 लाख छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इसमें 1,07,867 फर्स्ट, 1,04,314 सेकेंड और 5,091 थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से 4 मार्च के बीच परीक्षा आयोजित की गयी थी। बताते चलें कि जैक ने साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट 01 जून को जारी किया था। इस साल साइंस में 79.26 फीसदी और कॉमर्स में 91.2 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। राज्य में राजमहल के देव तिवारी ने आर्टस में टॉप किया। उसे 481 अंक प्राप्त हुए। वहीं, पद्मा की प्रेरणा कुमारी 470 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बताते चलें कि जैक ने पिछले महीने 27 मई को मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया था। वहीं इसके बाद इंटरमीडिएट साइंस और कामर्स संकाय का रिजल्ट जारी किया था।

## मोदी ने प्रधानमंत्री आवास में सिंदूर का पौधा लगाया

गुजरात दौरे पर महिलाओं ने प्रधानमंत्री को भेंट किया था पौधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पीएम आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। ये पौधा उन्हें 25-26 मई को गुजरात दौरे के दौरान कच्छ में 1971 के भारत-पाक युद्ध में बहादुरी दिखाने वाली महिलाओं के समुह ने भेंट किया था। दरअसल, इस सिंदूर के पौधे को ऑपरेशन सिंदूर से जोड़कर देखा जा रहा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को पीओके और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया था।



### प्रधानमंत्री ने अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट की शुरुआत की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाया और अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट की शुरूआत की। इस परियोजना का लक्ष्य गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास पांच किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का है। इस अभियान में एक हजार नर्सरी बनायी जायेंगी और पौधों की निगरानी 'मेरी लाइफ' पोर्टल से होगी।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों-नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# एक करोड़ का इनामी नरसिम्हा चलम ढेर !

तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था

आजाद सिपाही संवाददाता

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सीसी मेम्बर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। बताया जा रहा है कि नरसिम्हाचलम मूलतः आंधप्रदेश के चिंतापालुदी का रहने वाला है। वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था। वह तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। हालांकि अभि सुधाकर के मारे जाने की अधिकारिक पुर्षि नहीं की गयी है, क्योंकि खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को अभियान पर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों ओर से हो रही मुठभेड़ में जवानों द्वारा एक नक्सली को मार गिराने व ऑटोमेटिक हथियार बरामद किये जाने की खबर मिल रही है। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी था।

सूत्रों के मुताबिक बीजापुर में मुठभेड़ जारी है। सुधाकर के मारे जाने की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि बस्तर आइजी पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

## अयोध्या में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई

योगी बोले, मोदी आधुनिक भारत के भगीरथ

सूरत के कारोबारी ने हीरे के आभूषण दान किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम दरबार का पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे तक चला। रामलला के गर्भगृह के ऊपर यानी पहले तल्ले पर राम दरबार बनाया गया है। इसमें श्रीराम, मां सीता, तीनों भाई- लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ हनुमानजी की मूर्तियां हैं। काशी के पुरोहित जय प्रकाश त्रिपाठी ने 101 पंडितों के साथ प्राण प्रतिष्ठा करायी। मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गयीं, उन्हें आइना दिखाया गया। भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं। जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। श्रद्धालु राम दरबार के दर्शन कब से कर सकेंगे, ट्रस्ट ने अभी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इस मौके पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। नमामि गंगे परियोजना से पीएम ने गंगा की पवित्रता को फिर से हासिल किया।

**एक हजार कैरेट का हीरा दान में मिलाः** राम दरबार के लिए सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान दिये। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवादिया ने कहा कि दान दिये आभूषणों में एक हजार कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 300 कैरेट रुबी से 11 मुकुट बनाये गये हैं। इनके अलावा, गले का हार, कान के कुंडल, माथे का तिलक, चारों भाइयों के लिए धनुष-बाण हैं। इन आभूषणों को चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या लाया गया।



### परकोटे के 6 मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई

राम दरबार के अलावा मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर बने परकोटे के 6 मंदिरों में भी प्राण प्रतिष्ठा हुई। इनमें भगवान शिव, श्रीगणेश, हनुमान, सूर्य भगवान, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई।






# पर्यावरण संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प रहेगा अधूरा : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गुरुवार को पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गांव के बूथ से लेकर प्रदेश की राजधानी रांची तक के नेताओं, कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर पौधरोपण किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सांगठनिक प्रवास के दौरान साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित गौशाला परिसर में पौधारोपण किया। मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। लेकिन विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, मजबूत भारत के साथ हमें हरित भारत भी बनाना है। भारत की सनातन परंपरा ने मां भारती का स्वरूप शस्य श्यामला, सुजलाम, सुफलाम है। उन्होंने कहा कि एक मां जो हमें जन्म देती है और दूसरी मां प्रकृति, जो हमें जीवन देती है। इसलिए प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया और कहा कि पौधारोपण में फलदार और औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी लगाये जायें, जो मनुष्यों के अलावा पशु-पक्षियों के लिए भी उपयोगी हों। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि व्यक्ति और समाज तभी बचेगा जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जीवों का शरीर पांच तत्वों से बना है और पंचतत्वों की सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण पूरी मानवता की रक्षा के लिए जरूरी है। प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर कूल्ही ओरमांझी में और डॉ प्रदीप वर्मा ने नामकुम में पौधरोपण किया। विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, बालमुकुंद सहाय सहित बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया ।

# संजय सेठ ने हैदराबाद के बेगमपेट एयर बेस पर पौधरोपण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद के बेगमपेट एयर बेस पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण स्थिरता और पारिस्थितिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री द्वारा एक गुलमोहर का पौधा लगाया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) की प्रगति और प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए हैदराबाद के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। यात्रा के दौरान, उनका वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने, प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण करने और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत चल रही परियोजनाओं का आकलन करने का कार्यक्रम है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पौधरोपण किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मनोज लकड़ा, निदेशक कार्मिक एचइसी, राजीव कुमार झा मुख्य नगर प्रशासक एचइसी, राष्ट्र सेविका समिति से पद्मा देवी प्रचारिका असम प्रांत, शालिनी सचदेवा महानगर कार्यवाहिका, शारदा गुप्ता प्रांत कार्यवाहिका, जामवंती मिश्रा प्रांत बौद्धिक प्रमुख, मृदुला चौरसिया महानगर व्यवस्था प्रमुख, डॉक्टर जिज्ञासा ओझा प्रांत प्रचार प्रमुख, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, मंत्री शिशु विकास मंदिर समिति, डॉक्टर धनेश्वर महतो सह मंत्री, एस वेंकट रमण कोषाध्यक्ष, आशीष नाथ शाहदेव, ललन कुमार, प्रभात कुमार राजन, हरिनारायण यादव, सुनील कुमार पांडेय द्वारा पौधे लगाये गये। पर्यावरण को और बेहतर बनाने के लिए सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी।

## भाजपा सुखदेव नगर मंडल ने पौधरोपण किया



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग के तत्वाधान में पहाड़ी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये। भाजपा के केंद्र में 11 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस संकल्प से सिद्धि तक का अभियान निमित्त पौधरोपण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित वरुण साहू, राजू सिंह, मुकेश साहू, नीरज पासवान, रोहित राज पांडेय, सुनील साहू, अमन, राजेश प्रजापति, नीरज प्रजापति, फिरंगी साहू, अशोक पांडेय, राजकुमार जायसवाल, राजेश कुमार, सुनील यादव, उज्जवल कुमार मिश्रा मधुकर, विजय कुमार गुप्ता, दिलीप पांडेय, कृष्ण आशीष शर्मा, रूपाली घोष, रेखा गुप्ता, पूनम, सुनीता आदि ने पौधे लगाये।

## राजीव रंजन मिश्रा ने विवेकानंद सरोवर पार्क में पौधरोपण किया



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा राजधानी रांची के विवेकानंद सरोवर पार्क में पौधरोपण किया गया। श्री मिश्रा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानीवासियों से एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी से एक वृक्ष लगाने की अपील की। श्री मिश्रा ने पर्यावरण को बचाने के लिए सभी से प्लास्टिक या प्लास्टिक से निर्मित किसी भी चीज को इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। पौधरोपण कार्यक्रम में लंकेश सिंह, राजीव सिंह, बंटी पासवान, जगदीश ठाकुर, विजय पासवान, मनीष सिन्हा, मो आफताब, सुजीत पासवान, रंजीत चौरसिया, राम बाली पासवान, प्रकाश पाल, इंदर सिंह, अभिषेक पासवान, राजन पासवान सहित सैकड़ों लोगों ने पौधरोपण किया।

## स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल स्टडीज में नामांकन लें

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल स्टडीज में बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक पाठ्यक्रम उपलब्ध है। विज्ञान संकाय से 45 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन दे सकते हैं। इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत विद्यार्थी वन प्रबंधक, पर्यावरण प्रबंधक, एनवायरमेंटल जर्नलिस्ट, हाइड्रोलॉजिस्ट, वाइल्डलाइफ मैनेजर आदि के तौर पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। सत्र 2025 से 2029 सत्र में नामांकन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डीएसपीएमयू के एनवायरमेंटल स्टडीज विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# राज्य सहकारी बैंक ने पौधा वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंदिरा पैलेस हिनू में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन झारखंड राज्य सहकारी बैंक, हिनू शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभा सिंह, जयप्रकाश शर्मा, अफ्रेम जार्ज कुजूर, कुमोद कुमार, जयदेव सिंह, प्रभात कुमार सिंह, कामेश्वर उरांव, संजय सिंह, धीरज कुमार, पंकज कुमार, देवेश कुमार, काली सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, आजीविका स्वयं सहायता समूह, गव्य सहयोग समितियां, पिंक ऑटो स्वयं सहायता समूह कि महिला एवं लैंप्स के किसानों के बीच 500 पौधा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुबोध कुमार, संजीव कुमार, विकास कुमार, अभिजीत सेन, बलबीर जैन, नीरज कुमार, पूनम शर्मा, मनोज कुमार, झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक हिनू शाखा के अधिकारी छाया कुमारी, अंजली कुमारी, अवशेष कुजूर, अमित टोप्पो, रविंद्र सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेधा डेयरी होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सहित पूरे झारखंड के ग्राहकों और किसानों के लिए अच्छी खबर है। होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास छह जून को किया जायेगा। प्लांट का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर एक बजे करेंगे। उनके साथ कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, एनडीडीबी के चेयरमैन डॉ मीनेश शाह, मेधा डेयरी के एमडी जयदेव बिस्वास सहित कई अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**प्लांट के बनने से कई फायदे होंगे :** प्लांट के बनने से कई फायदे होंगे, दूध सरप्लस होने पर इसे पाउडर बनाने के लिए अब तक दूसरे राज्यों में भेजना पड़ता था। यही नहीं, ट्रांसपोर्टेशन पर भी अधिक खर्च होता था। लेकिन, होटवार में प्लांट चालू से अब आसानी से प्लांट में ही दूध को पाउडर में कन्वर्ट किया जा सकेगा।

प्लांट चालू होने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा।



### 18 माह में तैयार होगा प्लांट

प्लांट को तैयार करने में लगभग 18 माह का समय लगेगा। झारखंड में वर्तमान में मेधा डेयरी के कुल सात प्लांट हैं। इनमें रांची के होटवार, साहिबगंज, सारठ, पलामू, कोडरमा, लातेहार और देवघर शामिल हैं। इनमें दूध और अन्य डेयरी उत्पाद तैयार किये जाते हैं। वर्तमान में मेधा डेयरी हर दिन 2.60 लाख लीटर दूध प्रोसेस कर रही है।

# जरूरतमंदों को नि:शुल्क सलाह दी



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप के पांचवें दिवस का आयोजन नगड़ी, पिस्का में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों को उनके समस्याओं के अनुरूप नि:शुल्क सलाह व सहायता प्रदान करते हुए वहां स्थित राइस मिल के मैनेजर व वर्कर्स से भी बातें की। जिसमें मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, मजदूरी के विवाद, जमीनी विवाद, फ्रॉड, चीटिंग आदि के मामले शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंबेश चौबे, संजुक्ता बनर्जी, आंचल, आर्यन, बबलू, सचिन आनंद, दीपक, जैस्मिन, सत्या, सचिन, कौशिक, पम्मी, सागर, अमर व अमन आदि ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्ष सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में संगठन की सदस्याओं द्वारा गुरुवार को पाटलिपुत्र रेल परिसर में पौधरोपण किया गया। संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण करना चाहिए ताकि हमारे आस पास हरियाली रहे। साथ ही साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्ष रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्ष अचर्ना कुमारी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं ने भी पौधरोपण में भाग लिया।

# एक पौधा अवश्य लगायें : बबलू मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को केंद्रीय सरना समिति, चडरी सरना समिति के तत्वावधान में केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चडरी तालाब में पौधारोपण किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर चडरी तालाब में 50 पौधे लगाये गये जिसमें पीपल, आम, नीम, बेल, अमरूद, बरगद एवं फलदार छायादार आदि जैसे पौधे लगाये गये। बबलू मुंडा ने कहा कि हम सभी को परिवार यह घर की किसी भी खुशी में हम सभी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। तभी हमारा देश हमारा राज्य हरा भरा रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र लिंडा, कुमोद कुमार वर्मा, अमित राय, संजय नायक, कृष्णा मंडल, उमेश मंडल, विनय गुप्ता, चिंकू लिंडा, सबलू खान आदि उपस्थित थे।

# एनआइबीएम में 10+2 और स्नातक के लिए विशेष बैच

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इंटर और स्नातक युवा के लिए इंटर के बाद स्नातक में प्रवेश करने के साथ ही सरकारी नौकरी बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, झारखंड एसएससी की तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए। अच्छी तैयारी में लगभग 1 से 2 वर्ष लग जाते हैं, ऐसा करने से स्नातक समाप्त होने के तुरंत बाद सरकारी नौकरी प्राप्त हो सकती है। पिछले 27 वर्षों से लगातार रिकॉर्ड रिजल्ट देने वाली श्री साईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड लालपुर रांची स्थित एनआइबीएम में तैयारी शुरू करनी चाहिए यहां की पढ़ायी गयी स्टडी मैटेरियल सभी परीक्षाओं में लगभग हुबहू मैच करते हैं, सभी शिक्षक काफी अनुभवी हैं निदेशक एमके गुप्ता खुद मैथ्स और रीजनिंग पढ़ाते हैं। यहां लाइब्रेरी रीडिंग रूम है जहां हजारों किताब है वहां युवा ग्रुप बनाकर अंतिम चयन तक पढ़ते हैं और प्रतिदिन अपना डाउट विशेषज्ञों से पूछते हैं। क्लास का वीडियो व प्रति प्रश्न का प्रिंटेड हल दिया जाता है। अंतिम रूप से चयनित युवाओं और विशेषज्ञों के द्वारा करियर काउंसलिंग करवायी जाती है, परीक्षा में कैसे सफल हों इसकी तकनीक बतायी जाती है। सभी स्टडी मैटेरियल और किताब नये पैटर्न पर आधारित हैं। निदेशक ने चयनित युवाओं को सम्मानित किया और बताया कि आगामी परीक्षा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे के लिए अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में विशेष बैच 13 व 16 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड लालपुर रांची में संपर्क कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### महादेव मंडा के प्रांगण में पौधरोपण किया




रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर महादेव मंडा विकास समिति ट्रस्ट, चुटिया, रांची के द्वारा चुटिया क्षेत्र के ऐतिहासिक महादेव मंडा के प्रांगण में वृहद पौधरोपण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह उपस्थित हुए और उनके द्वारा बरगद एवं साल की वृक्ष लगायी गयी। मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन से परेशान है। लोग शुद्ध ऑक्सीजन की कमी की वजह से हम अच्छी सांस नहीं ले पा रहे, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ या गमले में एक पौधा अवश्य लगाये। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम केसरी, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष प्रमोद गोप, संजय प्रसाद, रणजीत राम, मनोज गोप, बादल महतो, अमित साहू, गुल्लू गोप, मिथिलेश गोप, बुलू महतो, तपन महतो, सुजीत शर्मा, अविचंल सिंह, भवानी बरनवाल, चंदन नायक, अनंत तिवारी, दिलीप लोहरा, अनिल आदि शामिल हुए।

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



कोलकाता (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा गुरुवार को अपने मुख्यालय, गार्डन रीच में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर को स्मरणीय बनाने हेतु प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हरायें को बढ़ावा देना है, जो प्लास्टिक कचरे को कम करने और सतत जीवनशैली को अपनाने के महत्व को उजागर करता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच में पौधारोपण किया। उन्होंने गार्डन रीच में आयोजित वॉकाथॉन का नेतृत्व भी किया। इस वॉकाथॉन में अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, स्काउट्स एवं गाइड्स और खेलकर्मी शामिल हुए। इस अभियान का समापन चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता की पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जो विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी थी।

### मनोज कुमार ने कोल इंडिया पर्यावरण का झंडा फहराया




रांची (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने गुरुवार को मुख्यालय परिसर में कोल इंडिया पर्यावरण झंडा फहराया। इसके बाद श्री कुमार ने सभी कर्मियों को पर्यावरण शपथ दिलायी। मौके पर कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद द्वारा प्रेषित संदेश पढ़ा गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता, मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3 के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये कुकिंग, लघु वीडियो, ड्राइंग एवं पेंटिंग और पोस्टर डिजाइनिंग, आशु (एक्सटेंपोर), आन लाइन क्वीज जैसे प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को आगत अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया जिसमें सीएमपीडीआइ के वरीय प्रबंधन और अन्य अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधे लगाये गये।

### सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में पौधरोपण किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य सहकारी बैंक, हिनू शाखा के सौजन्य से सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र, फूदी में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर, प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र फूदी राकेश कुमार सिंह, व्याख्याता, मनीषा तिर्की, शाखा प्रबंधक, झारखंड राज्य सहकारी बैंक हिनू शाखा पंकज कुमार सिंह, अवशेष मुकुट मनी कुजूर, सहायक प्रबंधक, बलबीर जैन बैंक अभिकर्ता सह समाज सेवी मौजूद थे।





## महत्वपूर्ण खबरें

### मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय की ओर से शालीमार (धुर्वा) स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक मत्स्य, डॉ एचएन द्विवेदी द्वारा मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र परिसर में पौधारोपण किया गया। डॉ.द्विवेदी ने कहा कि पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए पौधे लगाने और उसका संरक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से एक पौधा प्रकृति के नाम लगाने और पर्यावरण बचाये रखने की अपील की। मौके पर संजय गुप्ता, उप मत्स्य निदेशक सहित अन्य अधिकारी व काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

### प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति और उच्च शिक्षा के लिए विशेष सहायता प्रदान करें : अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड अकादमिक परिषद (जैक) द्वारा जारी 12वीं आट्र्स संकाय के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2025 के आट्र्स रिजल्ट में 95.62 प्रतिशत छात्रों का सफल होना यह सिद्ध करता है कि झारखंड के छात्र कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेहनत और लगन से पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से साहिबगंज जिले के राजमहल निवासी देव तिवारी को बधाई दी, जिन्होंने राज्य में टॉप कर जिले का नाम रौशन किया है। राय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालयों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में ये विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। राय ने सरकार से अनुरोध किया कि वह ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्ति और उच्च शिक्षा के लिए विशेष सहायता प्रदान करें, ताकि वे और ऊंचाइयों को छू सकें।

### बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, 200 पौधे लगाये

रांची (आजाद सिपाही)। जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया, रातू, रांची में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक जैनेंद्र कुमार तथागत ने पौधारोपण कर कहा कि पेड़ - पौधे हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। अगर विश्व को बचाना है तो अधिक से अधिक पौधे लगायें। वहीं कॉलेज के निदेशक प्रियांशु कुमार ने पौधारोपण करते हुए इसके महत्व के बारे में कहा, पेड़ पौधे से हमें ऑक्सीजन मिलती है। अगर धरती पर पेड़ - पौधे ना हो तो हमें ऑक्सीजन नहीं मिल सकती और मनुष्य का धरती पर रहना असंभव हो जायेगा। प्राचार्य ज्योति तिर्की ने वातावरण को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कॉलेज की ओर से 200 पौधे लगाये गये। इस मौके पर एकेडमिक हेड आशीष कुमार, निकिता कुजूर, हिना परवेज, गुलशन कुमारी, सुनीता कश्यप, निधि पाठक, पूजा कुमारी, राहुल कुमार, चंदन कुमार, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुनसाद मंझर, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, अभिषेक गुप्ता, मोकिम अहमद, रितिक कुमार, आफताब, शहबाज सहित अन्य उपस्थित थे।

### जेएलकेएम के कार्यकर्ता पदयात्रा कर राजभवन पहुंचे

रांची (आजाद सिपाही)। जेएलकेएम के कार्यकर्ता 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग को लेकर गुरुवार को राजभवन पहुंचे। यह पदयात्रा दुमका जिले से 15 मई को शुरू हुई थी, जो राजधानी रांची में आकर समाप्त हुई। जेएलकेएम के उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में 24 जिलों से आये कार्यकर्ता राजभवन के समीप एकत्र हुए और हेमंत सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इनका कहना था कि झारखंड राज्य बने 24 साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक राज्य में स्पष्ट स्थानीय नीति लागू नहीं हो पायी है। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड की पहचान, संसाधन और अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए 1932 के खतियान को आधार मानकर स्थानीयता तय करना जरूरी है। उन्होंने सरकार पर आदिवासियों और मूलवासियों के साथ छल करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सरकार जल्द स्थानीय नीति लागू नहीं करती है, तो राज्यभर में आंदोलन और तेज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंडियों के अधिकार और पहचान सुनिश्चित नहीं किये जाते, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत सामग्री दी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में प्रचंड गर्मी के बीच शहर के चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था को बनाये रखने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मी से राहत देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लग्जरियंस क्लब के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज सेवी शंकर दुबे ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दही, पानी, ग्लूकोस, लस्सी, पानी, कोल्ड्रिंक्स वितरित किये। यह राहत सामग्री रांची की चर्चित इवेंट कंपनी लग्जरियंस क्लब के तहत प्रदान की गयी है। क्लब की यह पहल ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की कठिन ड्यूटी के दौरान गर्मी से राहत देने के लिए की गयी है, क्योंकि वे दिनभर तेज धूप में तैनात रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैयद रमीज जावेद ,मो.मुमताज, मो.साहेब शामिल थे।

### पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। योगदा सत्संग महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संरक्षण में जंतु विज्ञान विभाग ने 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हाइब्रिड मोड में सफलतापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करें को छात्रों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ऑनलाइन और कॉलेज परिसर दोनों में प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अंजना वर्मा द्वारा एक संक्षिप्त ऑनलाइन उद्घाटन सत्र से हुई। इस सत्र में डॉ कुमारी प्रगति नंदा, डॉ अंकित और तीनों सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जहां विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया।

# सरना धर्म के लोगों के कार्यक्रम के लिए हटाया जा सकेगा बैरियर, रैंप से नहीं होगी समस्या

## रांची को जाम मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री लगातार दिशा निर्देश दे रहे : पथ निर्माण सचिव





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली फ्लाइओवर के निर्माण में कई बाधाओं को दूर कर इसका काम पूरा कराया गया है। कानूनी अड़चन को दूर किया गया। पाइपलाइन, बिजली पोल की शिफ्टिंग करायी गयी। कई पेड़ कटे। कब्रिस्तान और मंदिर की जमीन ली गयी। इसके अलावा खुद सरना स्थल के पास रहने वालों ने अपनी जमीन दी। पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने बताया कि बीच में रैंप निर्माण को लेकर विवाद हो रहा है। हम लोगों ने काफी प्रयास किया, इसे शार्ट आउट करने का। पूर्व में 114 मीटर रैंप का निर्माण कराया जाना था जिसे घटाकर 84 मीटर तक कर दिया गया, ताकि सरना स्थल क्लियर रहे। वहीं सरना स्थल के समीप कोई कार्यक्रम होने पर वहां पर लगे क्रैश बैरियर को भी हटाया जा सकेगा ताकि वह जगह पूरी तरह से खुली रहे। ऐसे में कभी किसी को कोई परेशानी नहीं होगी।

**मुख्यमंत्री के विजन और इंजीनियरों को दी बधाई**

पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने कहा कि राजधानी रांची को जाम मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं, कई सड़क और फ्लाइओवर की योजनाएं ली जा रही हैं। सिरम टोली फ्लाइओवर निर्माण के लिए उन्होंने विभाग के इंजीनियरों, एलएनटी की टीम, रेलवे, वन विभाग, डाक विभाग के सहयोग पर भी धन्यवाद दिया।

### रेलवे ने दिया सेफ्टी प्रमाण पत्र

फ्लाइओवर उद्घाटन के ठीक पहले रेलवे की ओर से झारखंड सरकार को मेकॉन-सिरमटोली, राजेंद्र चौक, मेकॉन तक बने इस फ्लाइओवर निर्माण को सेफ्टी सर्टिफिकेट भी प्रदान कर दिया। रेलवे लाइन के ऊपर केबल स्टैड ब्रिज बनाया गया है जिसका लोड टेस्ट हुआ था, उसमें रेलवे की ओर सेफ्टी सर्टिफिकेट भी दिया गया। ऐसे में इसके काम में अब कोई अड़चन नहीं थी। यही वजह था कि फ्लाइओवर का उद्घाटन गुरुवार को ही कर दिया गया।

# झारखंड में फिल्मों के विकास में सरकार का रहेगा सहयोग : सुदिव्य कुमार सोनू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के रांची जिला अध्यक्ष कुमार राजा एवं आदिवासी नेता सूरज टोप्पो की अध्यक्षता में झारखंड कलाकार आंदोलन संघर्ष समिति के झारखंड राज्य के 24 जिला के सभी विधा के कलाकारों ने झारखंड के पर्यटन कला संस्कृति एवं खेलकूद युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से दूसरी बार मुलाकात की जिसमें माननीय मंत्री ने कहा झारखंड की सभी क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को सिनेमाघर में लगना अन्य राज्यों की तर्ज पर जल्द अनिवार्य किया जायेगा एवं झारखंड के सभी पंचायत भवन एवं धूमकुडीया भवन में झारखंड के क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को प्रदर्शित करने हेतु अनुमति दिया जायेगा। झारखंड फिल्म विकास निगम के कमेटी में क्षेत्रीय भाषा के जानकार जो झारखंड की भाषा संस्कृति को समझते हो उन कलाकारों को झारखंड फिल्म विकास निगम में सदस्य बनाया जायेगा जो झारखंड के सभी क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों में पारदर्शिता में अहम भूमिका निभायेंगे। इसमें मुख्य रूप से काजल मुंडू, विवेक नायक, रंजू मिंज, एंजेल लकड़ा, रोहित, आरके, अनमोल खालको, देवपूजन ठाकुर, सूरज तिर्की, राजू तिर्की, अमित तिर्की, संता तिर्की, पंकज प्रजापति, तरुण नायक, जितराज हंसदा, नितेश कच्छप, सूरज नायक, श्रवण ठाकुर, सिक्की राजा, अजय मुंडा, दिनेश लाल शहदेव, तौफीक रजा मजहर आदि कलाकारों ने मंत्री को धन्यवाद दिया।

# आइइटीइ रांची सेंटर की बैठक संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइइटीइ रांची सेंटर की बैठक को झारखंड प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी ) के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रो डीके सिंह कुलपति सह आइइटीइ के अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने कई निर्णय लिये जिसमें आगामी नवंबर 2025 में आइइटीइ, जेयूटी और राय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार जेयूटी के सभागार में करने का निर्णय लिया। भविष्य में सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में आइइटीइ के छात्र चैप्टर को प्रारंभ करने का निर्णय लिया जो छात्रों के पेपर प्रकाशन, सेमिनार आदि के माध्यम से छात्रों के विकास में सहयोग करेगा। छात्रों के कौशल विकास के लिए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से मिलकर शार्ट टर्म कोर्स चलाने की योजना बनी। इस अवसर पर आइइटीइ के मानद सचिव प्रो विजय कुमार सिंह (डीन योजना एवं विकास, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची) ने बताया कि आइइटीइकी स्थापना 1953 में की गयी जिसकी शाखाएं देश के सभी राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रो विजय कुमार सिंह (मानद सचिव) ने किया। इस अवसर पर राय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीयूष रंजन, जीबी. नयी दिल्ली के सदस्य डॉ अजय श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, निशांत कुमार, कुलसचिव (जेयूटी), डॉ एमके गुप्ता (प्राचार्य टूल रूम), डॉ सुमित पांडेय, डॉ वीके गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण की ओर पासवा का कदम

**आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में फलदार पौधों का रोपण, 50 लाख पेड़ लगाने का संकल्प**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पासवा (पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल की शुरुआत की गयी। इस अभियान के तहत पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समस्त स्वयंसेवकों ने मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया। पासवा अध्यक्ष ने घोषणा की है कि 8 जून से 15 जून तक देशभर के निजी विद्यालयों के माध्यम से लगभग 50 लाख पेड़ लगाये जायेंगे। इस अभूतपूर्व प्रयास का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। बता दें कि पासवा ने पिछले वर्ष निजी विद्यालयों एवं छात्रों के मदद से 40 लाख पौधे लगाये थे।

आलोक कुमार दुबे ने हमारा उद्देश्य सिर्फ शिक्षण ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति ज़िम्मेदारी निभाना भी है। पौधरोपण एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित भविष्य दे सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति अवॉर्डी फलक फातिमा, विशाल सिंह, मेंहुल दुबे, अजहर आलम, जाबिर खान, प्रीति सिंह, अंकिता सिंह, जिक्रा खान, सैफ अहमद, मो शाहिद, सचिन कुमार, अनुष्का कुमारी, नवरस नदीम, साक्षी प्रिया, राजनंदनी, विशाल कुमार सिंह, दीपक कुमार साहू, उज्जवल कुमार, राजकुमार भगत, जाबिर रजा, रोशन लिंडा, शुभम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एनडीआरएफ, झारखंड -बिहार के कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# आट्र्स में 454 अंक प्राप्त कर फलक परवीन ने परचम लहराया



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने गुरुवार को 12वीं आट्र्स का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिसमें रांची जिला के छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। इसमें राज्य संपोषित उर्सलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा फलक परवीन ने 454 अंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। रांची की रहने वाली फलक परवीन ने साबित कर दिया कि सपनों को हकीकत में बदलने के लिए हालात कैसा भी हो लेकिन हौसले मायने रखते हैं। फलक परवीन की सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बीच भी बड़ा सपना देखते हैं। फलक परवीन के पिता जुबैर शाह एक छोटी सी दुकान चलाते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं रही, लेकिन पढ़ाई के प्रति उसकी लगन और पिता का अटूट समर्थन हमेशा बना रहा। फलक परवीन ने कहा कि आगे स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सिविल सर्विस की तैयारी करेगी। मेरी भी इच्छा है की एक इमानदार और सशक्त अधिकारी बनकर देश की सेवा करूं। फलक परवीन ने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि उन्होंने परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाये रखी। वे अन्य छात्रों को भी यही सलाह देती हैं। साथ ही अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और माता पिता को दी है।

### जैक इंटर आट्र्स परीक्षा के परिणाम में आरटीसी इंटर महाविद्यालय का उम्दा प्रदर्शन रहा



रांची (आजाद सिपाही)। जैक इंटर आट्र्स परीक्षा के परिणाम में आरटीसी इंटर महाविद्यालय, पीएचइडी, बूटी, रांची का बेहतर प्रदर्शन रहा। इसमें कला संकाय 2025 में 371 विद्यार्थियों में से प्रथम श्रेणी से 304 और द्वितीय श्रेणी से 67 पास किया। महाविद्यालय के कला संकाय में दिव्या कुमारी 432 अंक लाकर प्रथम स्थान, शिवानी कुमारी 418 अंक लाकर द्वितीय, पुष्पा कुमारी 409 अंक लाकर तृतीय स्थान, खुशबू कुमारी एवं शोभा कुमारी 406 अंक लाकर चतुर्थ स्थान एवं रिया कुमारी 404 अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो और प्राचार्य विकास कुमार ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया।


## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.19/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक : 30.05.2025

**(1)ई-निविदा सं.14-eT-DENS-SBP-25**

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के मण्डल अभियन्ता/साउथ के अधिकार क्षेत्र के अधीन PQRS मशीन उपयोग कर TSR(P)-108.489 TKm का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) :** 31,74,97,540.85, बिड सिक्युरिटी (रुपये में): 17,37,500/-।

**(2)ई-निविदा सं.18-eT-DENS-SBP-25**

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/मुनिगुड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टिटिलागढ़-सिंगापुर रोड एवं लान्जीगढ़ रोड-जुनागढ़ रोड सेक्शन में CTR(S)-5.641 TKm का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) :** 2,43,37,791.05, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 2,71,700/-।

**(3)ई-निविदा सं.09-eT-DENS-SBP-25**

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल में मण्डल अभियन्ता/साउथ के अधिकार क्षेत्र के अधीन TRR(P)-46.490 TKm का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) :** 4,48,93,131.17, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 3,74,500/-।

**(4)ई-निविदा सं.02-eT-BRIDGE-SBP-25**

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पुल)/सम्बलपुर के अधीन 30.06.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल के सुपरस्ट्रक्चर हेतु जोनल (Zonal) कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) :** 1,77,14,029.41, बिड सिक्युरिटी (रुपये में): 2,38,600/-।

**(5)ई-निविदा सं.03-eT-BRIDGE-SBP-25**

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पुल)/टिटिलागढ़ के अधीन 30.06.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए पुल के सुपरस्ट्रक्चर हेतु जोनल (Zonal) कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत(रुपये में) :** 73,81,234.19, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 1,47,700/-।

कार्य पूरा होने की अवधि : 24 महीने(क्रम सं.1 हेतु), 12 महीने(क्रम सं.2 हेतु), 18 महीने (क्रम सं.3 हेतु) एवं 30.06.2026 (क्रम सं.4 एवं 5 हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 26.06.2025 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-200/Q/25-26

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 23 date 03.06.2025, I Constable (GD) Personal No. 131054167 Satish Kumar Mishra Son of OM Nath Mishra Resident of Village Prithvipur, P.O. Harigawa, P.S.Manjhiaon, Dist. Garhwa (Jharkhand) 822114 do Hereby Solemly Affirm and declare as Follows : 1. That I Have Been Posted in 26 BN SSB Ranchi Jharkhand. 2. That Anamika is my wife his actual date of birth is 13.05.1995 mentioned in his aadhar card being Aadhar No. 9930 4496 3937. 3. that her date of birth 13.05.1995 entered in my service record 4. that her name Anamika Mishra has been enterned in my service record by mistake 5. That her name Anamika Mishra is same and one person. 6. That need of the affidavit for correction of her name Anamika in place of Anamika Mishra in my service Record as such this affidavit

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 24 date 03.06.2025, I Constable (GD) Personal No. 131054167 Satish Kumar Mishra Son of OM Nath Mishra Resident of Village Prithvipur, P.O. Harigawa, P.S.Manjhiaon, Dist. Garhwa (Jharkhand) 822114 do Hereby Solemly Affirm and declare as Follows : 1. That I Have Been Posted in 26 BN SSB Ranchi Jharkhand. 2. That om Nath Mishra is my father his actual date of birth is 01.01.1975 mentioned in his aadhar card being Aadhar No. 5480 9938 8944. 3. That Sandhya Devi is my Mother ber actual date of birth is 01.01.1980 entered in her aadhar card being aadhar no. 4330 6733 3334 4. That my father's date of birth 01.01.1972 and mother's date of birth 05.01.1976 entered is service record by mistake. 5. that need of the affidavit for correction of my actual father's date of birth 01.01.1975 and mother's actual date of birth 01.01.1980 needed correction in my service record as such that affidavit.

# डगमगाते पर्यावरण को संभालने का समय

वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ी वैश्विक समस्या है। पिछले तीन दशकों से महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से ही जुड़ी है। मानवीय क्रियाकलापों के कारण प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, मानव द्वारा प्रकृति का बेदर्दी से दोहन इत्यादि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है।

**जागरूक हो रही है दुनिया:** जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे हम अब लगातार अनुभव कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से पूरी दुनिया में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनइपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी।

**देशों का स्वार्थ:** पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के उचित दोहन को लेकर हालांकि यूरोप, अमेरिका तथा अफ्रीकी देशों में 1910 के दशक से ही समझौतों की शुरुआत हो गयी थी, किंतु बीते कुछ दशकों में दुनिया के कई देशों ने इसे लेकर क्योटो प्रोटोकॉल, मांट्रियल प्रोटोकॉल, रियो सम्मलेन जैसे कई बहुराष्ट्रीय समझौते किये हैं। अधिकांश देशों की सरकारें पर्यावरण को लेकर चिंतित तो दिखती हैं, लेकिन पर्यावरण की चिंता के बीच कुछ देश अपने हितों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की नीतियों में बदलाव करते रहे हैं।

**कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसने बता दिया था कि अगर हम चाहें, तो पर्यावरण की स्थिति में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है।**

**हरेक को होता है नुकसान:** प्रदूषित वातावरण का खामियाजा केवल मनुष्यों को ही नहीं बल्कि धरती पर विद्यमान प्रत्येक प्राणी को भुगतना पड़ता है। बड़े पैमाने पर प्रकृति से खिलवाड़ के ही कारण दुनिया के विशालकाय जंगल हर साल सुलगने लगे हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को खरबों रुपये का नुकसान होने के अलावा दुर्लभ जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियां भी भीषण आग में जलकर राख हो जाती हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसने बता दिया था कि अगर हम चाहें तो पर्यावरण की स्थिति में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाये जाते। न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी और मौसम का लगातार बिगड़ता मिजाज गहन चिंता का विषय बना है।

**चर्चाओं-चिंताओं से बात नहीं बनेगी:** जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं, किंतु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण की दौड़ में हमने हर पल प्रकृति की नैतिक सीमाओं का उल्लंघन किया है और ये सब प्रकृति के साथ इंसान की ज्यादतियों का ही नतीजा हैं, जिसके भयावह परिणाम हमारे सामने हैं।

**मानवीय क्रियाकलापों पर नियंत्रण जरूरी:** मानवीय क्रियाकलापों के कारण ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि हमें सांस के जरिये असाध्य बीमारियों की सौगात मिल रही है। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है, लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं, तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं?

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है।**

# हरित भविष्य को सशक्त बनाना: मोदी सरकार के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदल दिया

**प्रहलाद जोशी**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किये गये साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है।

**नये भारत का सूरज चमक रहा है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।**

पिछले वर्ष में ही हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गयी है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गयी है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा। लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी। 2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा हैं। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था। वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं।

यहां मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किये गये 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में ?10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से 1.99 रुपये प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है।

दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आइएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति शृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।

चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ-साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति शृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निर्माताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किये हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गयी है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है।

छठा, पीएम-कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा-गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है।

सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। 2014 में एफडीआइ के मामूली प्रवाह से भारत ने अप्रैल 2020 से सितंबर 2024 के दौरान आरइ क्षेत्र में $19.98 बिलियन का एफडीआइ आकर्षित किया, जो आज भारत में एफडीआइ आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। इससे देश के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद और आर्थिक क्षमता का पता चलता है। इस यात्रा में एक अन्य प्रमुख उत्प्रेरक लगभग 20,000 करोड़ रुपये के निवेश समर्थन वाला राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ईंधन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

आठवां, पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव की रीढ़ बना हुआ है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और 2030 ट्रांसमिशन (पारेषण) रोडमैप में भारत का निवेश सुनिश्चित करता है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं ग्रिड से कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय तरीके से जुड़ सकें। यह पहल कटौती के जोखिम को कम करती है और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाती है।

नौवां, सरकार भारत के समुद्र तट की विशाल क्षमता का भी दोहन कर रही है। 2030 तक 37 गीगावॉट की निविदाओं की योजना के साथ अपतटीय पवन (ऑफशोर विंड) पहल को व्यवहार्यता अंतर निधि और मजबूत साइट सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित किया जा रहा है। गुजरात और तमिलनाडु में पायलट परियोजनाएं पहले से ही भारत के अगले अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की नींव रख रही हैं।

दसवीं बात, बिजली आपूर्ति में रुकावट की चुनौती को पहचानते हुए भारत ने हाइब्रिड और चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की नीति के साथ निर्णायक कदम उठाया है। पवन-सौर हाइब्रिड और ठोस एवं प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा (एफडीआरइ) को बढ़ावा देकर भारत चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा समाधान तैयार कर रहा है। पाइपलाइन में 65 गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ, यह ग्रिड की विश्वसनीयता और जीवाश्म-आधारित बेसलोड बिजली के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण है।

ग्यारहवीं बात, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में हम उन घरों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले कभी बिजली नहीं थी। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए विशेष सौर कार्यक्रमों और पीएम जनमन मिशन और सीपीएसयू योजना चरण-क्क के तहत हजारों घरों में बिजली पहुंचायी गयी है। ये सिर्फ ऊर्जा कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये सशक्तिकरण और समावेशी विकास के साधन हैं।

**वैश्विक मान्यता और घरेलू संकल्प:** भारत सिर्फ अपने देश में ही प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि हम वैश्विक स्तर पर भी नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किये गये अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) ने 100 से ज्यादा देशों को एक साथ ला खड़ा किया है। 'एक सूर्य एक दुनिया एक ग्रिड' का विजन दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा किस तरह से देशों को एकजुट कर सकती है। यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संगठन भी है। दुनिया भारत को देख रही है। साथ ही दुनिया भारत से सीख रही है।

री-इन्वेस्ट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के लिए 2030 तक 32.45 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया। अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गयी, जिसमें सभी प्रमुख बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने वित्तीय सहायता को मजबूती देने और इस क्षेत्र में निवेश में तेजी लाने के लिए भाग लिया। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने और राज्यों के बीच प्रदर्शन और नवाचार के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में 24 मई 2025 को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की। सूर्यमित्र, वायुमित्र और जल ऊर्जामित्र जैसी पहलों को भविष्य के लिए तैयार हरित कार्यबल को आकार देने के उद्देश्य से प्रमुख कौशल कार्यक्रमों के रूप में पेश किया गया।

**आगे की राह:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली क्षमता का लक्ष्य रखा है। अब तक, हम 228 गीगावाट के आंकड़े को छू चुके हैं। 176 गीगावाट निर्माणाधीन है। और 72 गीगावाट बोली के चरण में है। हम न केवल सही रास्ते पर हैं, बल्कि हम उम्मीद से बेहतर हैं। इससे न केवल हम अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे, बल्कि हमारी बिजली की मांग को भी समर्थन मिलेगा, जो 2032 तक दोगुनी होने की उम्मीद है। साथ ही हम 2047 तक 1,800 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। साथ में, ये उपलब्धियां स्वच्छ और समावेशी विकास द्वारा संचालित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की रीढ़ हैं।

नये भारत का सूरज चमक रहा है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

**(लेखक केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# बिरसा फन सिटी वॉटर पार्क में डूबने से बच्ची की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र के बड़बिल स्थित बिरसा फन सिटी वाटर पार्क में एक बार फिर घटना हुई जिसमें वेव पुल में डुबने से 6 वर्षीय बच्ची शिष्टी कुमारी की मौत हो गयी। इधर परिजनों ने उसे स्थानिय नर्सिंग अस्पताल में लाया जहां जांच के बाद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद मृतक बच्ची को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। इधर माता पिता सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। इधर, घटना की सूचना के बाद इंस्पेक्टर वैधनाथ कुमार थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार ने वाटर पार्क पहुंचकर वाटरपार्क बंद करवाया और घटना की वाटरपार्क के कर्मचारियों से जानकारी ली। इधर मामले की सूचना पर वरीय अधिकारी एसडीएम सुनील चंद्र, डीएसपी अजीत कुजूर, दंडधिकारी अमन कुमार, सीओ निशाद अम्बर भी वाटर पार्क पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की जांच की इसके साथ लाइफ गार्ड से घटना की जानकारी ली। घटना के समय उपस्थित सभी कर्मचारियों की जानकारी ली। इसके बाद डीएसपी अजीत कुजूर ने अरविंद पटेल और लाइफ गार्ड आनन्द से भी जानकारी ली। इसके बाद स्टाफ रजिस्टर जब्त किया। एसडीएम के आदेश के बाद थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार ने सरबर रूम,आफिस और मुख्य गेट सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि पुरे मामले में जांच का विषय है। वाटर पार्क को सील कर दिया गया है।

## डीसी के निर्देश पर अवैध बालू खनन मामले में बड़ी कार्रवाई

# चौका थाना क्षेत्र से दो हाइवा और एक ट्रैक्टर जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** ईचागढ़ विधानसभा के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में लगातार हो रही खनन विभाग की कार्रवाई के बावजूद माफियाओं के द्वारा अवैध बालू का खेल जारी है। यह लूट न केवल पर्यावरणीय आपदा को न्योता दे रही बल्कि भविष्य के पीढ़ियों की नींव को भी झकझोर रही है। अब तो चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सुवर्णरेखा नदी से अवैध खनन का मामला सुर्खियों में है और माफियाओं की लूट के साक्षी बनने लगी हैं।इस मामले में सफेदपोश नेता, प्रतिनिधि, दलाल और प्रशासनिक अधिकारी सब मिले होने की अनुमान लगाया जारहा है।हालांकि खनन विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। गुरुवार को डीसी नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में चौका थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर औचक छापेमारी की गयी। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बालू ढो रहे दो हाइवा और एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। कार्रवाई में खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा सहित खनन विभाग की पूरी टीम मौजूद रहे। जप्त वाहनों को लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की जारही है।गौरतलब है चौका और ईचागढ़ थाना क्षेत्र लंबे समय से अवैध बालू खनन और परिवहन के गढ़ बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है थाना की नाक के नीचे से खुलेआम बालू माफिया अवैध कारोबार चला रहे हैं। लेकिन पुलिस की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।उधर खनन विभाग इससे पूर्व भी कई कार्रवाइ की।लेकिन पुनः बालू से लदे ट्रैक्टर और हाइवा थाना से महज 100-200 मीटर की दूरी पर ही पकड़े गयी हैं। इससे स्थानीय थाना की कार्यशैली पर भी सवाल उठना लाजमी हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गम्हरिया अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया और आदित्यपुर सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर कार्यालय के कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया गया। गम्हरिया अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने कहा छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव संभव है। हमें प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने बताया प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

# डीसी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण का दिया निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। गुरुवार को बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार समेत संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न अधोसंरचनात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया लंबित योजनाओं के कारणों की बिंदुवार समीक्षा कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधित एजेंसी व अभियंता के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में निमार्णाधीन सड़कों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। डीसी ने निर्देश दिया सड़क निर्माण की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण हो और कार्य में विलंब के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लघु पुल-पुलिया निर्माण तथा सड़क सुदृढ़ीकरण योजनाओं की स्थिति की जानकारी दी गयी।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**

## आरके +2 उच्च विद्यालय भवनाथपुर का शानदार परिणाम, बेटियों ने लहराया परचम





भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट (आर्ट्स) परीक्षा 2025 का परिणाम आरके +2 उच्च विद्यालय, भवनाथपुर के लिए गर्व और गौरव का क्षण लेकर आया। इस वर्ष कुल 541 परीक्षार्थियों में से 501 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की, जिससे विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12 प्रतिशत दर्ज हुआ। टॉप फाईव में बेटियों की चमक : विद्यालय की टॉपर पुजा कुमारी रहीं, जिन्होंने 420/500 अंक (84%) अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।द्वितीय स्थान पर नवीन पाटी और प्रवीन पाटी संयुक्त रूप से रहे, दोनों ने 416 अंक 83.20% प्राप्त किए। काजल कुमारी ने 411 अंक 82.20% के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।चौथे स्थान पर अंशुमन कुमार जयसवाल (404 अंक - 80.80%) और पांचवें स्थान पर मानसी कुमारी (398 अंक - 79.60%) रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का सम्मिलित परिणाम है। उन्होंने असफल छात्रों को निराश न होकर अगले प्रयास में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए विद्यालय के शिक्षण स्तर की सराहना की।

## राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुरकुरा के इंटर आर्ट्स का रिजल्ट 98.4% प्रतिशत रहा




कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुरकुरा के इंटर आर्ट्स का रिजल्ट 98.4% प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 51 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से और कुल 11 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुये। जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहने के कारण फेल हुआ। विद्यालय के कुल तीन टॉपर में प्रथम नंदू सिंह 76.8%, द्वितीय टॉपर अंशु सुरीन 72.8% और तृतीय टॉपर कल्याणी कुमारी को 72.6% अंक मिले हैं।

## पर्यावरण की स्वच्छता के लिए प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम जरूरी : प्राचार्य



गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम आवश्यक है। प्राचार्य ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पृथ्वी को घातक प्रभावों, जलवायु परिवर्तन का संकट, प्रकृति, भूमि और जैव विविधता का नुकसान तथा प्रदूषण और कचरे का संकट जैसे प्रभावों को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम को प्रो विवेकानंद उपाध्याय, प्रो अर्जुन प्रसाद, डॉ विनोद द्विवेदी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रो खोदा बक्स अंसारी, प्रो सत्यदेव कुमार, प्रो रामाशीष उपाध्याय, सुरेंद्र दुबे, सचिन चौबे, बिगावन तिवारी, अखिलानंद तिवारी, सुधीर पाठक, शशि पाल आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने पौधरोपण कर दिया जागरूकता का संदेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त, दिनेश कुमार यादव एवं उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पौधारोपण के पश्चात उपायुक्त ने आमजनों से भी अपील किया कि वह भी पौधारोपण अवश्य करें एवं अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ रखें, जिससे गढ़वा जिला को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाया जा सके।

## विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर दानरो तट पर हुई भव्य गंगा आरती

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को दानरो सहीजना छठ घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में कई सामाजिक संस्थाओं ने एकजुट होकर पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर उक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नदी एवं अन्य जल स्रोतों को संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में वाराणसी अस्सी घाट तथा रांची से पुरोहितों ने अनुष्ठानिक विधि से मनोहरी अंदाज में गंगा आरती संपन्न करायी। उक्त कार्यक्रम लगभग डेढ़ घंटे तक चला।

# जैक इंटर आर्ट्स की परीक्षा में गुमला और गढ़वा जिला का बेहतरीन प्रदर्शन

## 98.32 प्रतिशत रिजल्ट के साथ गुमला जिला राज्य में चौथे स्थान पर काबिज

**जिले में 62 प्रतिशत से भी अधिक विद्यार्थी हुए प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला 2025 के परीक्षाफल में गुमला जिला पूरे राज्य में बेहतर प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रहा है। ज्ञात हो कि जिले से इस वर्ष इंटरमीडिएट कला की परीक्षा के लिए कुल 7511 परीक्षार्थी नामांकित थे, जिनमें 7459 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा कुल 7334 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जो 98.32 प्रतिशत है। सफल होने वाले परीक्षार्थियों में 3086 छात्र तथा 4248 छात्राएं हैं । राज्य स्तर पर औसत 95 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं तथा जिला का प्रदर्शन राज्य औसत से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के साथ 62 प्रतिशत से अधिक कुल 4554 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अतिरिक्त 2699 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन गिफ्ट ऑफ एजुकेशन अंतर्गत सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के साथ जिले के वरीय पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के रूप में संबद्ध किया गया था जो नियमित विद्यालय अनुश्रवण सहित आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा बेहतर प्रदर्शन हेतु शिक्षकों की कोर टीम के सहयोग से लगातार मॉक टेस्ट एवं महत्वपूर्ण प्रश्नों के नियमित प्रेषण और अभ्यास सहित आवश्यक रेमेडियल कक्षाएं आयोजित कराई जाती रही हैं। जिले के सभी वरीय अधिकारियों तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक सहित झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सफल छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गयी हैं।

## सेजल सोनी बनी गढ़वा टॉपर



सेजल सोनी माता पिता के साथ।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के सोनार मुहल्ला निवासी जाने माने उद्घोषक इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी गिरिवर सोनी की पुत्री सेजल सोनी ने इंटरमीडिएट परीक्षा (आर्ट संकाय) में गढ़वा जिला टॉपर बनने की उपलब्धि हासिल कर जिला का नाम रौशन किया है। सेजल सोनी की इस उपलब्धि से परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। मिडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में आर के प्लस टू उवि रंका की छात्रा सेजल ने बताया कि इसका श्रेय कड़ी मेहनत, सच्ची लगन के साथ-साथ माता-पिता और शिक्षकों की है जिन्होंने सही मार्गदर्शन किया। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया और अन्य व्यर्थ की गतिविधियों से दूरी बनाई और लक्ष्य को केंद्रित किया। भविष्य की योजनाओं के बारे में उन्होंने बताया कि उनका सपना एक अधिकारी बनकर समाज और देश की सेवा करना है। पिता गिरिवर सोनी ने कहा कि बेटी जितना पढ़ना चाहेगी उतना पढ़ाने के लिए जी-जान लगा देंगे।

## मेराल प्लस टू इंटर कॉलेज में इंटर कला की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** मेराल प्लस टू इंटर कॉलेज में इंटर कला की परीक्षा में तीनों लड़कियों ने ही इस बार बाजी मारी है। इसमें प्रथम पल्लवी कुमारी पिता राजेश्वर प्रसाद मेराल निवासी ने 81.80% अंक प्राप्त किया है। जबकि द्वितीय स्थान आरती कुमारी पिता गणेश ठाकुर ने 75. 80% अंक प्राप्त की है। जबकि तीसरा स्थान कुमारी सुमन शर्मा पिता देवेंद्र शर्मा मेराल निवासी ने 74.40% अंक प्राप्त कर सफलता हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य लालता पटेल ने बताया कि इंटर में182 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। जिसमें 176 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है। मेराल प्लस टू हाई स्कूल का इंटर में 96.70% विद्यार्थिंयों की सफल होने का रिजल्ट रहा है।

## लवाही कला स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर आर्ट्स में लहराया परचम, नंदिनी बनीं टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता





**डंडई।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा गुरुवार इंटरमीडिएट आर्ट्स परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय से कुल 206 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें से 199 विद्यार्थियों को सफलता मिली। जबकि केवल सात छात्र असफल रहे। जहां सफलता का प्रतिशत 96.6% रहा। विद्यालय के अधिकतर छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की छात्रा नंदनी कुमारी 80% अंक प्राप्त कर विद्यालय का पहला टॉपर बनीं, तो 75 % अंक लाकर छात्रा निधि कुमारी दूसरा टॉपर का स्थान हासिल किया। विद्यालय स्तर पर 10 टॉपर की बात की जाए तो 72.4% अंक लाकर दीपक कुमार सिंह विद्यालय का तीसरा टॉपर बना। तो वही 72.2% अंक लाकर चंचल कुमारी चौथा टॉपर बनी है। उसके अलावा अभिषेक कुमार 70.4% अंक लाकर पांचवां टॉपर बना।

## शनिवार को मनायी जायेगी बकरीद, अंजुमन ने शांति पूर्ण तरीके से की त्योहार मनाने की अपील



गुमला (आजाद सिपाही)। ईद उल अजहा यानी बकरीद शनिवार को मनायी जायेगी। यह जानकारी देते हुए अंजुमन के प्रवक्ता आशिक अंसारी ने प्रेस रिलीज जारी किया है। ईद उल अजहा की नमाज के समय की घोषणा अंजुमन इस्लामिया ने की है। प्रवक्ता अंजुमन मो आशिक अंसारी ने बताया कि मस्जिद फैजान - ए - रजा में बकरीद की नमाज 5:45 बजे होगी जिसकी इमामत मौलाना अशरफ रजा करेंगे। उसी प्रकार मस्ज़िद रजा - ए - मुस्तफा में 5:45 बजे इमामत साकीर रजा नूरी, मदरसा फैज - ए - आम में 5:30 बजे इमामत हाफिज रुस्तम, मस्जिद - ए - होदा में प्रातः 6:00 बजे इमामत कारी आफताब, मस्जिद रजा - ए - हबीब में 6:15 बजे इमामत मो. तनवीरुल हसन, मस्जिद - ए - जैनब में 6:30 बजे इमामत कारी मसीउददीन, गौसिया मोती मस्ज़िद में 6:30 बजे इमामत, हाफिज जाहिद रजा, कादरिया मस्ज़िद में 6:00 बजे इमामत मुफ्ती कासीद रजा नईमी, मस्जिद गौसुलवरा में 6:45 बजे इमामत हाफिज सदाम हुसैन, मक्का मस्ज़िद में 7:15 बजे कारी शोएब, मदीना मस्ज़िद में 7:30 बजे इमामत मौलाना अबु दरदा, और ईदगाह में जमाअत 8:00 बजे इमामत मौलाना इनाम रब्बानी करेंगे। इसके बाद अंतिम जमाअत जामा मस्ज़िद में 8:30 बजे हाफिज इरसाद साहब की इमामत में अदा की जायेगी। अंजुमन इस्लामिया ने शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ ईद अल-अदहा मनाने की अपील की है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल
भवन निर्माण विभाग, राँची
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**NIQ Cancelation Notice**

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi द्वारा PR. No. 352780 Building (25-26)_D & 353505 Building(25-26)D के तहत प्रकाशित Construction of Proposed Jharkhand Guest House at Puri, Odisha कार्य का NIQ-05/2025-26 दिनांक–16.05.2025 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ० नि० वि०
राँची

PR 354323 (Building)25-26*D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
प्राचार्य का कार्यालय–LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्रामपुर, सिसई, गुमला बसिया रोड, विश्रामपुर, सिसई, गुमला–835324
Email:-principallweitisisai@gmail.com

**नामाकंन सुचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गुमला जिला के **सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्रामपुर, सिसई, गुमला में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27** में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्यों के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti. Jharkhand.gov.in- Admission Tab) आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

**सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्रामपुर, सिसई, गुमला में** निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय | कोर्स अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | दो वर्षीय कोर्स | दसवीं(10वीं) कक्षा उत्तीर्ण |
| 02 | Fitter | दो वर्षीय कोर्स | |
| 03 | computer operator and programming assistant(COPA). | एक वर्षीय कोर्स | |

3.महत्वपूर्ण तिथियाँः–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 (5:00 PM) |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 (5:00 PM) |
| 04 | औपबंधिक मेघा राज्य सूचियों में भामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि में सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-Aff011/01/2025-00 DIR(TC) Part(2)[63756], दिनांक–03/05/2025 के आलोक में **LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्रामपुर, सिसई, गुमला** में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आवश्यक है तथा NTC उत्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti. **Jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab** में देखा जा सकता है।

5.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 **Web Portal (https://iti. Jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab** में देखा/**Download** किया जा सकता है।

6.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–**7050590408** एवं **9936455185**. से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
विश्रामपुर, सिसई, गुमला

PR 354342 (Labour Employment and Traning)25-26*D


## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



आजाद सिपाह संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने कहा कि पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति को उसके जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है। यह आने वाले पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि पर्यावरण दिवस हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को याद दिलाता है। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिज्ञा है कि हम अपने पृथ्वी को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करते रहें। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रोफेसर (डॉ) अजय भूषण प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी प्रवीन कुमार सिंह, सम्पदा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, कुलाधिपति के निजी सचिव पंकज कुमार सिन्हा ट्रस्ट के सीईओ सुभाष कुमार और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए और पर्यवरण को हरा भरा रखने की कसम खायी।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता अनिवार्य : निदेशक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान सह शपथ कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण से संबंधित उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, कर्मचारियों एवं विद्यालय प्रबंधन के लोगों ने शपथ लेकर पर्यावरण के प्रति गहरा लगाव को व्यक्त किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमारे पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन के महत्व के बारे में जागरूक और सचेत करने के लिए हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की मौजूदा स्थितियों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हमारी पृथ्वी जो हमारा घर है जहां हम सभी मनुष्य,पशु- पक्षी, पौधे निवास करते हैं इसके ही संरक्षण के लिए हर साल यह दिवस मनाया जाता है।

## आरकेवीएस में पौधरोपण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरकेवीएस संस्थान गढ़वा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जनमानस में जागरूकता पैदा करना और छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया तथा उनके द्वारा बनाए गए सुंदर एवं प्रेरणादायक पोस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी छात्रों को पांच-पांच पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल की शपथ दिलायी।


कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग
Email-hazaribagayushofficer@gmail.com
जिला आयुष समिति, हजारीबाग

**कार्यालय ओदश**

पत्रांक : 134 — हजारीबाग/दिनांक : 05/06/2025

जिला आयुष समिति, हजारीबाग के अधीनस्थ जिला अंतर्गत कुल 36 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष) में योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक के चयन हेतु दिनांक 13.06.2025 एवं 14.06.2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से Walk-in-interview सभागार सविलि सर्जन कार्यालय, हजारीबाग में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थीयों से निम्नलिखित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

| कम | पद का नाम | पद की सं0 | आवश्यक आर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला) | पुरुष अथवा महिला–36 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड/ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रु0 250/–प्रति योग सत्र देय होगा। |

योग प्रशिक्षक के Walk-in-interview की प्रखण्डवार सूची–

| दिनांक–13.06.2025 स्थान– समागार सविलि सर्जन कार्यालय, हजारीबाग | दिनांक–14.06.2025 स्थान–समागार सिविल सर्जन कार्यालय, हजारीबाग |
|---|---|
| सदर, केरेडारी, बड़कागॉव, कटकमदाग, चुरचु, दारु,टाटीझरिया, दाड़ी | चौपारण, बरही, कटकमसांडी, पदमा, ईचाक, बरकट्ठा, विष्णुगढ़, चलकुसा |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश–

1. भर्ती के किसी भी चरण मे यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यो को पूरा नही करता है, तो उसकी उम्मीदवार रद्द कर दी जाएगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र मे वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यार्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिए गए मार्ग–दर्शिका के अनुरुप होगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घंटे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर(विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग/अन्य wellness activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर होगा।
8. स्थानीय प्रमाणित योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। हजारीबाग जिले के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष) के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
11. योग/अन्य wellness activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर मे जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति मे निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य wellness activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन मे टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा Walk-in-interview तिथि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

PR 354374 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

सिविल सर्जन हजारीबाग

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 06 जून, 2025
www.azadsipahi.in
08

# इंटर जैक आर्ट्स की परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ की खुशबू बनीं विद्यालय टॉपर





आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ का रिजल्ट 100% रहा। इसमें खुशबू कुमारी पिता दिलीप कुमार महतो ने 500 में 447 यानी 89. 4% लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। निशा कुमारी पिता स्वर्ग गोविंद सिंह मुंडा 500 में 430 अंक यानी 86% लाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा किरण कुमारी पिता रमेश हजम 500 में 429 अंक यानी 85.8% लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त की है। विद्यालय की वार्डन रीता बड़ाईक लेखपाल गणपति महतो, अंशकालिक शिक्षक रंजीत कुमार मोदक समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा कर्मचारियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। 57 छात्राओं में 56 छात्राएं प्रथम तथा एक छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त की है।

## इंटर कला संकाय में जितेंद्र इंटर कॉलेज तिरुलडीह और लक्ष्मीकांत एएन प्लस टू पिलिद के बने कॉलेज टॉपर




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के स्थित इंटर कॉलेज तिरुलडीह के छात्र जितेंद्र नाथ महतो ने इंटर परीक्षा 2025 में 398 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना है। उनका पिता का नाम मिहिर चंद्र महतो एक किसान है तथा माता शकुंतला देवी गृहणी है। वहीं छात्र जीतेंद्र नाथ महतो ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा माता पिता को देते है। वहीं कॉलेज के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो ने बताया कि इस वर्ष की इंटर कला संकाय की परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलिद का कॉलेज टॉपर बने लक्ष्मी कांत महतो : अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलिद के इंटर कला संकाय में लक्ष्मी कांत महतो ने 391 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना। लक्ष्मी कांत महतो ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तुता गांव के रहने वाले है। उनका पिता का नाम गिरिधारी महतो एक किसान है और माता लखीमनी महतो एक गृहणी है। वहीं छात्र लक्ष्मी कांत महतो ने इस सफलता का श्रेय अपने कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिकाओं, माता-पिता और जीनियस क्लासेस के संचालक देवेंद्र नाथ महतो को देते है।

## सोनाहातू में इंटर आर्ट्स का परिणाम शत-प्रतिशत





**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आर्ट्स संकाय में 47 छात्राएं शामिल हुईं थी, जिसमें 45 प्रथम श्रेणी और एक द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। जयंती मुंडा 81.8 प्रतिशत, तिलेश्वरी कुमारी, 81.6 प्रतिशत, रेशमी कुमारी 81.2 प्रतिशत अंक लायी है। प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह के आर्ट्स संकाय से सपना कुमारी 84.2 प्रतिशत, मनीषा कुमारी 82.8 प्रतिशत, मनीषा कुमारी 82 प्रतिशत अंक लाये है। एसएस प्लस टू हाई स्कूल सोनाहातू में 51 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखी थी, जिसमें प्रथम श्रेणी में 36, द्वितीय श्रेणी में 15 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। रसना कुमारी 80.8 प्रतिशत, अलीशा 73 प्रतिशत, भवानी 70 प्रतिशत अंक मिला है।

## झारखंड बालिका विद्यालय राहे का इंटर आर्ट्स का परिणाम रहा शत-प्रतिशत





**राहे (आजाद सिपाही)।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्राओं ने इंटर आर्ट्स के परिणाम को शतप्रतिशत किया है। विद्यालय से 49 छात्राओं ने परीक्षा लिखी थी जिसमें सभी 49 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। शांति कुमारी 86.4 प्रतिशत, गुलबारी कुमारी 85.8 प्रतिशत और मुनिता कुमारी 85 प्रतिशत अंक लाकर विद्याल टॉपर बनी है। प्लस टू हाई स्कूल राहे में आर्ट्स संकाय में 98 परीक्षार्थी शामिल हुईं थी। जिसमें प्रथम श्रेणी 69 द्वितीय श्रेणी 26 में उत्तीर्ण हुआ है। आर्ट्स संकाय से भानुमति कुमारी 83 प्रतिशत, निशा कुमारी 82 प्रतिशत, मनोज कुमार लोहरा 81.4 प्रतिशत अंक लाये है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक तेज प्रताप आखोरी ने सभी को शुभकामनाएं दी है।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा जारी किये गये बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा संध्या कुमारी 84.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनीं। वहीं गुड़िया कुमारी 82.8 प्रतिशत, उमा भारती 82 प्रतिशत, रोशनी कुमारी 80.6 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 75.8 प्रतिशत, पुष्पा कुमारी 73.4 प्रतिशत, गौतम किशोर रंजन 71.8 प्रतिशत, रीना कुमारी 70 प्रतिशत, दीपिका कुमारी 66.4 प्रतिशत, नितेश कुमार 65.8 प्रतिशत, रमन कुमार 65.2 प्रतिशत और सोनी कुमारी 64.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## राजकीयकृत उच्च विद्यालय बचरा का मोनू 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बना



सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक।

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बचरा के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक इंटर परीक्षा कला संकाय में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्र मोनू कुमार ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का टॉपर बना है। स्कूल के कुल 131 विद्यार्थी प्रथम स्थान, 121 विद्यार्थी द्वितीय स्थान और तीन विद्यार्थी तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मोनू कुमार 86.2 प्रतिशत, सुमित कुमार 80.6 प्रतिशत, हेमंत कुमार महतो 79.6 प्रतिशत, विकास महतो 77.8 प्रतिशत, बबन महतो 77.6 प्रतिशत, अंजली कुमारी 76.8 प्रतिशत, सत्यम पटेल 76.2 प्रतिशत, चांदनी कुमारी 73.8 प्रतिशत, रोहित कुमार महतो 72.2 प्रतिशत और संतोष पाठक 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्या महेंद्र कुमार पासवान ने सभी सफल बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## इंटर आर्ट्स की परीक्षा में धर्म दयाल कॉलेज के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड 12वीं आर्ट्स परीक्षा के परिणाम में धरम दयाल दयाल इंटर कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलज के सभी छात्रों ने परीक्षा में न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि शत-प्रतिशत उत्तीर्णता का कीर्तिमान भी स्थापित किया। यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, दृढ़ निश्चय और समर्पण का प्रतिफल है। कॉलेज के डायरेक्टर दीपक दयाल साहू ने सभी बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी। प्रधानाचार्य ग्लोरिया मुंडरी ने कहा कि यह बच्चों की कठिन मेहनत का परिणाम है।

## वेस्ट पेकर की प्रोफाइलिंग प्रक्रिया शुरू



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू में विभागीय निर्देश के आलोक में नमस्ते योजना के अंतर्गत वेस्ट पेकर की प्रोफाइलिंग प्रक्रिया का शुभारंभ नगर पंचायत बुंडू में प्रारंभ किया गया। एमईएसपी के प्रतिनिधि नीलाद्री शेखर मुखर्जी एवं राजेश कुमार के द्वारा वेस्ट पेकर को नमस्ते योजना की पूर्ण जानकारी एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वेस्ट पेकर के आश्रितों को योजना का लाभ के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम का संबोधन में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यालय में सभी पदाधिकारी तथा पर्यवेक्षक सहित वेस्ट पेकर तथा एसएचजी की महिला इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** गुरूवार को डालसा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम बुंडू प्रखंड के रेलाडीह पंचायत भवन में किया गया, जिसमें नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से ग्रामीण को बताया गया। साथ ही स्कीम्स बाल विवाह, बालश्रम, मानव तस्करी, दहेज प्रथा, साईबर क्राइम, स्पॉन्सरशिप, डायन प्रथा, कामकाजी महिलाओं का अधिकार शिक्षा का अधिकार के बारे जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में डालसा एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा लौ स्टुडेंट पीएलभी सोनामनी देवी मुस्कान कुमारी रुकमीनी देवी, सुनिता कुमारी, विमला कुमारी प्रधुमन प्रमाणिक आदि उपस्थित हुए।

## पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में पर्यावरण दिवस मनाया गया




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** गुरूवार को पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में धूमधाम से पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चित्रकला/स्लोगन/निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जिसमें भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः सरिता कुमारी, दिव्या कुमारी और अजय प्रमाणिक ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में परिणीता कुमारी, पुष्पा कुमारी एवं नितेश प्रमाणिक ने स्लोगन प्रतियोगिता में सुलेखा कुमारी, ज्योति कुमारी और अर्जुन सेठ तथा चित्रकला प्रतियोगिता में रमेश मिश्रा, जगमोहन महतो एवं विवेक रंजन ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ बासुदेव महतो, कृष्णा मुंडा, अरविंद कुमार और कल्याण रॉय ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर टीम लीडर सृष्टि पाठक के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण संबंधित विषय पर एक नुक्कड नाटक का मंचन भी किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आराधना तिवारी एवं संगीता जायसवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में अमरूद आम पपीता आदि के पौधे लगाए और समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# खलारी में एसआइटी ने जमीन घोटाले की शिकायत पर कागजातों की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** जमीन से जुड़े फर्जी मामलों की जांच के लिए बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गुरुवार को खलारी अंचल में पहुंची। डीएसपी रैंक के तीन अधिकारियों की इस टीम ने अंचल कार्यालय पहुंचकर जमीन से जुड़े दस्तावेजों की विस्तृत जांच की। इस टीम में डीएसपी प्रदीप पाल कच्छप, सुमन मीनी नाग और तारामनी बाखला प्रमुख रूप से शामिल थे। उन्होंने दिनभर अंचल कार्यालय में बैठकर तुमांग, नावाडीह और महुलिया मौजा से संबंधित भू-अधिग्रहण के कागजातों को बारीकी से खंगाला। एसआईटी को शिकायत मिली थी कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहित जमीनों पर कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे मुआवजा और नौकरी पाने की कोशिश की गयी। जिन जमीनों पर जांच की गयी, उनमें तुमांग के खाता संख्या 44, नावाडीह के खाता संख्या 92 व महुलिया के खाता संख्या 9, प्लाट संख्या 54 की जमीन है। अंचल अभिलेख में इन जमीनों का किस्म गैरमजरूआ मालिक है। शिकायत मिलने के बाद इन खातों की खतियान, जमाबंदी, प्लाट नंबर, अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवजा भुगतान की जांच की जा रही है। आनलाइन खतियान व पंजी दो के अनुसार तुमांग खाता 44 का कुल रकबा 1253.52 एकड़, नावाडीह खाता 92 का कुल रकबा 1828.08 एकड़ व महुलिया खाता 9, प्लाट 54 का कुल रकबा 46 एकड़ है। मालूम हो कि सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत प्रस्तावित रोहिणी-करकट्टा ओपेनकास्ट प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस परियोजना के लिए तुमांग, नावाडीह, करकट्टा, हेसालौंग और मायापुर मौजों से 2534.88 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जानी है। इसके पूर्व महुलिया मौजा की भी भूमि अधिग्रहित की गयी थी। जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा और रोजगार देने की प्रक्रिया में कथित फर्जी लाभार्थियों के शामिल होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके चलते यह विशेष जांच शुरू की गयी। यदि जांच में अनियमितताएं पायी जाती हैं तो कई अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है, साथ ही जिन व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाभ उठाया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई संभव है।

# आज प्रकृति को संजोयेंगे, तो कल प्रकृति हमें बचायेगी: कोचे मुंडा

**कोचे मुंडा ने गुरुवार को अपने ममरला स्थित आवासीय परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने गुरुवार को अपने ममरला स्थित आवासीय परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के रक्षक हैं। यदि हम आज प्रकृति को संजोयेंगे, तो कल प्रकृति हमें बचायेगी। इस दौरान कोचे मुंडा ने अपनी मां की स्मृति में एक पौधा रोपकर संदेश भी दिया कि मां जीवन की जननी हैं, और वृक्ष धरती मां की छाया। दोनों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि हर नागरिक साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं, और उसे अपने माता-पिता, गुरु या किसी प्रियजन के नाम समर्पित करें। बाद में उन्होंने गोविंदपुर मंडल के लिमड़ा और डेहकेला गांव में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में समाजसेवी मंसूर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा देवी, सोनी देवी एवं बबलू महतो, पंचायत सेवक सुरेश गंझू, राजा, लाला उरांव, रबीला, इशाक डुंगडुंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर नदी पूजन किया गया




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के मौके पर विकास भारती बिशुनपुर के संस्थापक औरं संस्थान के सचिव पद्मश्री अशोक भगत के निर्देश पर गुरुवार को जन शिक्षण संस्थान विकास भारती द्वारा ग्राम हुटार की तजना नदी का पूजन किया गया। मौके पर संस्थान के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इस वर्ष के पर्यावरण की थीम वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने नदी पूजन में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। विशिष्ट अतिथि संकल्प इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश कुमार महतो ने जल संचयन, वृक्षारोपन, अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रकट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा, कार्यक्रम पदाधिकारी सुब्रत सेन प्रधान, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार शशि प्रकास, प्रभावती कुमारी, प्राधिकारी निकुंज तोपना, राजीव कुमार, धर्मेंद्र मुंडा, मुचीराय मुंडा गीता कुमारी, नुतन कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रेरणा कुमारी, तपोश्री देवी, जयंती देवी, संगीता कुमारी आदि ने योगदान दिया।

## विशालकाय नर हाथी की मौत, जांच में जुटी वन विभाग

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल वन क्षेत्र के अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के तिल्ला पंचायत क्षेत्र स्थित आमड़ाबेड़ा फुटबॉल मैदान के पास गुरुवार सुबह एक नर हाथी का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। हाथी बैठे हुए स्थिति में मृत मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि रंजन वनकर्मियों की टीम के साथ मौके पर रवाना हुए। वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि रंजन ने पुष्टि की कि मृत हाथी नर है और उसकी मृत्यु की सही वजह का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस क्षेत्र में 18 जंगली हाथियों का एक झुंड सक्रिय है। मृत हाथी भी इसी झुंड का हिस्सा था। वन विभाग झुंड की निगरानी कर रहा है ताकि अन्य हाथियों की स्थिति का आकलन किया जा सके। हाथी की मौत को लेकर वन विभाग गंभीरता से जांच कर रहा है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गयी है कि वे झुंड के पास न जाएं और किसी भी तरह की असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

## कोल वाहन की चपेट में आने से मवेशी घायल, घंटों रही सड़क जाम

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग के कल्याणपुर एचपी पेट्रोल पम्प चौड़ा मोड के समीप गुरूवार की सुबह अज्ञात कोल वाहन की चपेट मे आने से एक मवेशी घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने उक्त मार्ग पर कोल वाहनों का परिचालन बंद कर दिया। वहीं इसको लेकर भुक्तभोगी राजकुमार महतो ने मुआवजा की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि कोल वाहनों के परिचालन से आये दिन इस मार्ग पर दुर्घटना होती रहती है, लेकिन इसके रोकथाम के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं कोल वाहनों के परिचालन बंद होने से सड़कों पर कोल वाहनों की लंबी कतार देखी गयी।

## मैकलुस्कीगंज के बघमरी में गंगा दशहरा मेला, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज के बघमरी नदी तट पर बुधवार को गंगा दशहरा दामोदर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत गंगा पूजन से हुई। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर पवित्र गंगा जल अर्पित किया और परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दोपहर में मेले का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गंगा दशहरा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का प्रतीक है। अब यह धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक मेलजोल और पारंपरिक संस्कृति का उत्सव बन गया है। उन्होंने ग्रामीणों को इस परंपरा को जीवित रखने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर बघमरी सहित कोयलांचल, लपरा, खलारी, सीरम, मायापुर, डूमारो आदि पंचायतों से हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और मेले का आनंद उठाया।मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष अनंत मुंडा, अरविंद सिंह, शिवनारायण लोहरा, शशि प्रसाद, पंचम लोहरा, मनीष भगत, विशेश्वर मुंडा, बिनोद राणा सहित कई अन्य ग्रामीणों ने अपनी सराहनीय भूमिका निभायी।

## खलारी कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक संपन्न 10 जून को संविधान बचाओ रैली का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** संगठन सृजन-2025 अभियान के तहत खलारी कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक गुरूवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर राज उरांव उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि 10 जून को खलारी प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। इसी दिन पार्टी की ओर से 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन भी किया जायेगा। यह जनजागरूकता रैली रेलवे कांटाघर से अंबेडकर चैक तक निकाली जायेगी, जिसमें संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से राजेश सिंह मिंटू, रौशन लाल, तनवीर आलम, मोनू रजक, विक्की सिंह, जावेद अंसारी, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, शशि मुंडा, बाबू खान, आशिक अली, शिवप्रसाद चैहान, सुखविंदर एवं ताहिर अंसारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रोशन झा द्वारा किया गया, जिसमें बकरीद, शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गयी। सभी को सोशल मीडिया और अफवाह से बचने की हिदायत दी गयी, इसमें मुख्य रूप से रडगांव के सदर सहजाद अंसारी, सनाउल्ला, अनवर, रडगांव के मुखिया दुर्गा उरांव आदि शामिल थे।

## पर्यावरण दिवस पर उपायुक्त ने किया पौधरोपण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को समाहरणालय खूंटी परिसर और जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय खूंटी में उपायुक्त आर रॉनिटा ने पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी पौधा रोपण किया। पौधा रोपण के पश्चात उपायुक्त ने आमजनों से अपील की कि वे भी पौधा रोपण आवश्य करें और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखे। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए वर्ष 1972 में की थी। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय परिसर में पौधारोपण के बाद उपायुक्त ने विद्यालय में पठन-पाठन का भी जायजा लिया और विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं से मुलाकात की तथा स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, लैबोरेटरी एवं अन्य का निरीक्षण किया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 06 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## शिक्षा मंत्री से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अंगीभूत इंटर महाविद्यालय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर जाकर मिला और एक मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल शिक्षकों ने मंत्री जी के समक्ष अंगीभूत इंटरमीडिएट कॉलेजों में वर्तमान सत्र से ही नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने, शिक्षकों का समायोजन करने, सीटों की संख्या बढ़ाने सहित कई अन्य मुद्दों को सामने रखा। मंत्री जी ने इन मुद्दों को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया। कहा कि उनकी सरकार इस मसले को लेकर काफी गंभीर है। समायोजन को लेकर जल्द ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मां तारा ग्रीन सिटी की ओर से किया गया पौधरोपण



**रांची (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मां तारा ग्रीन सिटी की ओर से इंचापीढ़ी, पिठौरिया, नगड़ी और कांके में सैकड़ों अलग-अलग किस्म के पौधों का रोपण किया गया। मां तारा ग्रीन सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश देते हुए कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर हमारी ओर से सैकड़ों पौधे लगाये गये हैं। क्योंकि पौधा मानव जीवन के लिए अनमोल हैं। हमारे मां तारा ग्रीन सिटी के नाम में ग्रीन लगा हुआ है जिसे हमें पूरी तरह से ग्रीन रखते हुए पर्यावरण को संतुलित करना हैं। वृक्षारोपण से जलवायु, बारिश और प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकता हैं, इसलिए हम लोग मां तारा ग्रीन सिटी सोसायटी को पूरा हरा भरा सोसायटी विकसित कर रहें हैं। वृक्षारोपण के विशेष अवसर पर सोनी अमित वर्मा, आशीष ठाकुर, नंद कुमार शर्मा, मनोज कुमार, निर्मल कुमार मिश्रा, रीन्टू सिंह, अलका सिंह, साक्षी तिवारी, स्मृति पाण्डेय आदि उपस्थित रहें।

## टाटीसिलवे कमला नेहरू इंटर कॉलेज के कला संकाय का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे कमला नेहरू इंटर कॉलेज के कला संकाय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 379 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी से 175, द्वितीय श्रेणी से 191 एवं तृतीय श्रेणी से छह विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। छात्रा सादिया रानी 405 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बनी, जबकि करिश्मा कुमारी 377 अंक के साथ द्वितीय एवं खुशबू कुमारी 371 अंक के साथ तृतीय टॉपर बनी। कॉलेज के अध्यक्ष लालमणि प्रसाद, सचिव नवनीत सिंह एवं प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा ने सफल सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## नगड़ी गवर्नमेंट प्लस 2 हाइस्कूल में कला संकाय का रिजल्ट शत-प्रतिशत





**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित गवर्नमेंट प्लस 2 हाई स्कूल में कला संकाय के 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष विद्यालय के 198 छात्र कला संकाय से परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें सभी उत्तीर्ण रहे। छात्रा अक़्सा परवीन 82.2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय की टापर रही। वहीं, छात्रा नाजिया आफरीन 80.8 फीसदी अंक लाकर दूसरे, और कुमकुम कुमारी 77.4 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मांडर के संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में आर्ट्स में 99 फीसदी विद्यार्थी सफल





**मांडर (आजाद सिपाही)।** जैक की ओर से घोषित इंटरमीडिएट आर्ट्स के रिजल्ट में संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर का रिजल्ट शानदार रहा। इस साल परीक्षा में कुल 363 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे जिसमें 246 छात्र प्रथम श्रेणी से सफल रहे। संजीदा खातून 421 (84.2 फीसदी) अंक के साथ टॉपर पर रही, जबकि सानिया शाहीन 420 सेकेंड टॉपर और जीनत परवीन 414 थर्ड टॉपर रही। प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने सफल छात्रों- छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामना दी है

## ग्राम पंचायत सेवा केंद्र का उद्घाटन

इटकी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पश्चिमी पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सेवा केंद्र का उद्घाटन प्रखंड के उप प्रमुख परवेज राजा ने किया। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र खुलने से पंचायत के साथ ही बाहर के लोगों को भी सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का फॉर्म एवं उसे क्रियान्वयन करने में सहायता मिलेगी। इसके लिए एक सदस्य भी यहां मौजूद रहेगा। इस मौके पर आशा संस्था के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

### अनगड़ा के बेंती पैना पहाड़ में पर्यावरण मेला का आयोजन, शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री

# आदिवासी प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक होते हैं: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार एवं अन्य।

**अनगड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रखंड के बिसा पंचायत अंतर्गत बेंती पैना पहाड़ में गुरुवार को वन पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति बेंती की ओर से आयोजित इस मेले का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, सत्यदेव मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले पैना पहाड़ में पाहन की ओर से विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष सत्यदेव मुंडा और संचालन अजय आर्या ने किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज आदिकाल से प्रकृति के संरक्षक रहे हैं। मेला में उमड़ी भीड़ यह दर्शाती है कि लोग अपनी प्राकृतिक धरोहर जल जंगल जमीन की रक्षा और अपनी परंपरा, संस्कृति के प्रति कितने जागरूक एवं सजग हैं। उन्होंने लोगों से शिक्षा और स्वास्थ पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने कार्यकाल के दौरान बेंती में एकलव्य विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्र के जनजातीय समाज को एक बड़ी सौगात दी है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नागपुरी कलाकार इग्नेश कुमार, नितेश कच्छप, केशव केसरिया आदि ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों के उमंग और उत्साह को देखकर अर्जुन मुंडा भी खुद रोक नहीं पाए और लोगों के साथ जमकर थिरके। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, सोहन मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, लालजी बेदिया, कमलाकांत मुंडा, विजय मुंडा, बालकराम मुंडा, सविता देवी, ईमा देवी, सुनीता देवी, गांधिया करमाली, अजय करमाली, उमेश बड़ाइक, अजय मुंडा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जसपुरिया बीएड कॉलेज में अर्जुन मुंडा ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनगड़ा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत जसपुरिया बीएड कॉलेज परिसर बीसा में आम का पौधारोपण कर किया। जिसका नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पांच जून से 15 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान अर्जुन मुंडा ने जसपुरिया बीएड कॉलेज भवन में दिव्यागजनों एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए गए लिफ्ट का भी उद्घाटन किया। इससे पूर्व अर्जुन मुंडा ने स्वामी विवेकानंद एवं जसपुरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक स्व बालेश्वर प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन जेलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, सुनील कुमार महतो, रामसाय मुंडा, संजय पटेल, संजय नायक, बंटी नायक, शिकारी महतो, रामेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाये 150 फलदार पौधे

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस पर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में आम, लीची, महुगुनी सहित 150 फलदार पौधे लगाए गये। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विगत 14 वर्षों से संस्थान की ओर से निरंतर पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया जाता रहा है। जिसकी शुरूआत हर वर्ष 5 जून पर किया जाता है। इस वर्ष भी तीन हजार पौधारोपण एवं वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, संदीप कुमार वर्मा, रांची जिलाध्यक्ष कमलेश पाहन आदि मौजूद थे।**

## नेशनल लॉ कॉलेज में हुआ नौशीन फातिमा का चयन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)। क्लैट 2025 के संशोधित प्रकाशित परिणाम में डीएवी नीरजा सहाय पब्लिक स्कूल की छात्रा नौशीन फातिमा का चयन रांची स्थित नेशनल लॉ कॉलेज में हुआ है। विद्यालय परिवार ने प्रत्याशित परिणाम पर बधाई दी। प्राचार्य किरण यादव ने नौशीन की इस सफलता पर आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। एक संसाधन विहीन साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद नौशीन ने यह सफलता हासिल कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनी है। उसकी सफलता कई वर्षों तक उन छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी जो इस प्रीमियम संस्थानों से लॉ में डिग्री लेने का सपना देखते हैं।**

## एक पौधा मां के नाम लगा कर आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित करें : प्रो आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुलही में गुरुवार को वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने वृक्षा रोपण करते हुए कहा कि एक पौधा मां के नाम सभी को लगाना चाहिए। यह अभियान 16 जून तक सभी मंडलों में चलाया जाएगा। यह वृक्षारोपण अभियान हमारा संकल्प है। वृक्ष पर्यावरण, वातावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ करता है। इसके लिए हमें घर आंगन में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। सभी को रख रखाव की भी दिम्मेदारी निभानी चाहिए। आज के दिन सभी को पर्यावरण बचाने का संकल्प के साथ भावी पीढ़ी के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। इस मौके पर अमरनाथ चौधरी, नरेंद्र सिंह, केके गुप्ता, मानकी राजेंद्र शाही, अलख नाथ महतो, शशि भूषण कुमार, शशी मेहता, राजेश गुप्ता, चुन्नू महतो, कालेश्वर महतो, बिरजू महतो, राज किशोर साहू, अमित राज, आनंद मेहता, जयप्रकाश महतो, नेवा लाल महतो आदि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उषा मार्टिन ने किया पौधरोपण, लोगों को किया जागरूक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर उषा मार्टिन लिमिटेड के विभिन्न प्रतिष्ठानों में गुरुवार को वृक्षारोपण के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत कारखाना परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुई। जहां कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एसबीएन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि हम भविष्य की पीढ़ियों को एक बेहतर और स्वस्थ जीवन देना चाहते है, तो हमें आज ही पृथ्वी को हरित बनाने की दिशा में ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। इस दौरान फलदार, इमारती और स्थानीय प्रजातियों के कुल 120 पौधों का रोपण किया गया। मानव संसाधन प्रमुख एनएन झा ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों को जानना ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारना भी होगा। सीएसआर प्रमुख डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि कंपनी की ओर से ग्रामीण युवाओं को पेपर, जूट, लकड़ी और मिट्टी से बने बैग, बोतल आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई जा सके। एसपीडी से आरके जायसवाल ने पर्यावरणीय असंतुलन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला, जबकि पेंग उषा मार्टिन के मूलचंद बंसल ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग और अधिक से अधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता बताई। कृष्ण कांत ने कहा कि केयर और कंविनियेंस में हमें केयर को प्राथमिकता देनी होगी।

## नामकुम में 8 को 'ड्राइव फर्स्ट अभियान' की शुरुआत




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड में आदिवासी परंपराओं और धार्मिक रीति-नीतियों के संरक्षण को लेकर एक अहम पहल करते हुए 'ड्राइव फर्स्ट अभियान' की ओर से गुरुवार को नामकुम प्रखंड के लालखटंगा पंचायत स्थित भुसुर मैदान में संवाददाता सम्मेलन किया गया। जिसमें अभियान की संयोजक आरती कुजूर ने बताया कि 8 जून को सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के सहयोग से 'ड्राइव फर्स्ट अभियान' की शुरूआत होने जा रही है। यह संगठन विशेष रूप से आदिवासी समाज के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर काम करेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस संगठन के माध्यम से पारंपरिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों को जीवित रखने के उद्देश्य से पाहन महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पारंपरिक धार्मिक अगुवा पाहन, पईन, भोरा, महतो, कोटवार और उनकी धर्मपत्नी एवं अन्य सामाजिक अगुवाओं को सम्मानित किया जाएगा। आरती कुजूर ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़ने या अपनी सुविधानुसार परिभाषित करने की प्रवृत्ति कुछ लोगों में देखी जा रही है, जो समाज को भ्रमित कर रही है। आरोप लगाया कि सरकार भी पारंपरिक धार्मिक प्रमुखों और उनकी संस्थाओं के अधिकारों का हनन कर रही है। स्पष्ट किया कि महासम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी समाज को अपनी जड़ों से जोड़ना, उनके पारंपरिक रीति-रिवाजों को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ी को इससे अवगत कराना है। इस मौके पर संयोजक मंडली के सदस्य रितेश उरांव, बिरसा पाहन, संदीप उरांव, अंजली लकड़ा, सोहराई पाहन, अजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बेड़ो के डीएवी विवेकानंद स्कूल में लगाये गये 1000 पौधे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर अपने घरों के आसपास 1000 से अधिक आम, कटहल, लीची, नीम और पीपल के पौधे लगाए। गर्मी की छुट्टियों के कारण, छात्रों ने अपने-अपने घरों के पास पौधे लगाए और उनके फोटो और वीडियो स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किए। इसके अतिरिक्त, बच्चों ने पेड़ों के महत्व पर भाषण देते हुए वीडियो बनाकर भी भेजे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता और समझ प्रदर्शित हुई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के बिना इस पृथ्वी पर मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वृक्ष हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही फल, फूल और लकड़ी भी देते हैं, जिनके बिना जीवन असंभव है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस साल भारत सरकार ने भी 'एक पेंड मां के नाम' के तहत देशवासियों से एक पेंड लगाने का आग्रह किया गया है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को पेड़-पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देते हैं और पर्यावरण को बचाने के लिए उनमें जागरूकता पैदा करते हैं। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के मैनेजर श्रवण कुमार के अलावा गुलशन कुमार, रवि सिंह, संदीप सिंह, सोमा सरकार, आरती कुमारी, प्रीस्का खेस, सावित्री देवी, प्रियंका सिंह, हंसिका कुमारी, सोमी खाखा, अंजू पांडे, रियांशु पांडे,सविता कुमारी, अनीता कुमारी, ज्योति धीर, शैली गुप्ता, गायत्री देवी, विजय महतो, भारती कुमारी,तारा देवी, सावित्री देवी, आंचल,अंजली, एंजेलिका, अंशु बाला, आराधना, दिनेश, फातिमा, कमला, खुशबू, मोनी, प्पुष्पा, रानी, रंजन चंद्रा,संदीपा, शिवानी, सोमा सरकार, सोसन, सुमति, प्रमोद कुमार, प्रियंका, सरोज, सुषमा, रागिनी, अजय और सुशीला आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## ओरमांझी प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत सचिवालय में किया गया पौधरोपण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय सहित पंचायत सचिवालय में भी गुरुवार को पौधारोपण किया गया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने पंचायत प्रतिनिधियों के नाम के साथ पौधारोपण कर पौधे को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। वहीं, पौधारोपण करने वालों में जिला परिषद पूर्वी सरिता देवी, पंसस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, रोजगार सेविका कंचन कुमारी शामिल रहे। वहीं, ओरमांझी पंचायत सचिवालय में मुखिया दीपक बड़ाइक के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इसमें आनंद मेहता, खिलेंस्वर मुंडा, अलख नाथ महतो, धन राज बेदिया के साथ बीपीओ आदि शामिल थे।

## टाटीसिलवे और नामकुम में पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को नामकुम आरडीएस पब्लिक स्कूल में भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर दर्जनों पौधे लगाए गए, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, प्रभुदयाल बड़ाईक आदि शामिल हुए। वहीं, डहर सोसाइटी फाउंडेशन के निदेशक नागेश्वर महतो और उनकी पत्नी सह सचिव पुष्पा देवी ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, टाटीसिलवे स्थित एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा में भी पर्यावरण दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। यहां कार्यक्रम का आयोजन स्व बृज बिहारी पांडे की 13वीं पुण्यतिथि पर किया गया। इस अवसर पर मधुसूदन पांडे ने कहा कि जब तक हम प्रकृति की ओर दो कदम नहीं बढ़ाएंगे, तब तक स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। पांच तत्वों और पर्यावरण में संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर डॉ बलराम महतो, नरेश महतो, अजय मुंडा, दीपक पांडे, अंजली कुमारी, अखिल पाठक, लखन मिश्रा, सोनी और आरती आदि उपस्थित थे।

## लाखों के शराब और 40 गैस सिलेंडर ले भागे चोर

**पिठोरिया (आजाद लिपाही)।** थाना क्षेत्र के चोरी की दो घटनाओं से लोग भयभीत हैं। जानकारी के अनुसार पहली घटना चंदवे कंपोजिट शराब दुकान में हुई। यहां से चोर दुकान का ताला तोड़कर करीब 3.50 लाख रुपये के शराब उड़ा ले गए। वहीं, दूसरी घटना में आलम गैस एजेंसी के सुतियांबे गांव स्थित गैस एजेंसी के गोदाम से चोर ताला तोडकर 40 भरे गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। दोनों मामलों में पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। सभी जल्द पकड़े जायेंगें।

## सीआइटी में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। संस्थान के उन्नत भारत अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सेल के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता के अलावे, विचार गोष्ठी, पौधरोपण आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। अपने संबोधन में संस्थान की उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक लोगों के जीवन से जुडा अहम मुद्दा है। इसके प्रति जागरूक होकर संरक्षित करना हमसब की जिम्मेदारी है।

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रॉड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
Geeken Seating Collection — Relaxed Body, Relaxed Mind.
हर त्यौहार का नहीं उपहार
• दीमक प्रतिरोधी • मजबूत व टिकाऊ • Customize Sizes में उपलब्ध • आकर्षक डिजाइन
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES — धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय थावें वाली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

WELCOME TO KIDS SECOND HOME — ESTD.- FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना इलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, राँची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
8210108590
8789361453
8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से
फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नहीं लगना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

Dr. Anup's
HLCCS राँची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पूरण विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, राँची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

# पर्यावरण की रक्षा को केवल विकल्प नहीं, बल्कि कर्तव्य मानें : पीडीएसजे

## कहा- कानून को केवल दंड का उपकरण नहीं, बल्कि चेतना का प्रकाश भी मानें

**विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकारी की ओर से धनबाद सिविल कोर्ट में किया गया पौधारोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डीएसजे एवं अन्य।

**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीएसजे) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सिविल कोर्ट परिसर में गुरुवार को पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का लोगों को संदेश दिया। धनबाद सिविल कोर्ट में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बागवानी एवं सफाई करने वाले सिविल कोर्ट के चार कर्मियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत भी किया। वहीं नगर निगम की टीम की ओर से कचरा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। पत्रकारों से बातें करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि आज वह एक न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक और पृथ्वी पुत्र के नाते संवाद कर रहे है। संविधान का अनुच्छेद 21 हमें जीवन का अधिकार देता है। पर ऐसा जीवन जो सम्मानजनक हो, स्वच्छ वायु और निर्मल जल से समृद्ध हो। यह अधिकार तब तक अधूरा है जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं। आज जब संपूर्ण विश्व विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है, तो यह केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। एक पुकार है कि हम जागें, संभलें और संकल्प लें। हम जिस धरती पर चलते हैं, जिस वायु में सांस लेते हैं, जिस जल से जीवन पाते हैं। वह सब आज संकट में है। जब प्रकृति संकट में होती है, तो मानवता भी संकट में आ जाती है। इसलिए जिले के आज हर ब्लॉक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें कानून को केवल दंड का उपकरण नहीं, बल्कि चेतना का प्रकाश भी मानना चाहिए। हम पर्यावरण कानूनों को केवल पुस्तकों में न पढ़ें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारें। आज आवश्यकता है एक हरित क्रांति की। ऐसी क्रांति जो खेतों में नहीं, हमारे विचारों में हो। जो पेड़ को केवल लकड़ी नहीं, जीवन माने। जो नदियों को केवल पानी नहीं, आस्था समझे। जो पर्यावरण की रक्षा को केवल विकल्प नहीं, कर्तव्य माने। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न हाई कोर्ट ने भी बार-बार यह स्पष्ट किया है कि पर्यावरणीय न्याय केवल कानून की बात नहीं यह आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा की बात है। हम केवल वर्तमान के लिए नहीं, भविष्य के लिए भी जवाबदेह हैं। उन्होंने मीडिया से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि आप समाज की आवाज हैं। आज वह आवाज बुलंद कीजिए जो पेड़ों की कटाई के विरुद्ध हो, जो जलस्त्रोतों के रक्षण के पक्ष में हो, जो जनमानस को पर्यावरण के लिए प्रेरित करे। हमें इस पर्यावरण दिवस पर केवल भाषण नहीं एक संकल्प लेना होगा कि हम पृथ्वी को केवल उपभोग की वस्तु नहीं, पूज्य माता मानेंगे। जब तक धरती हरी है, तब तक जीवन हरा है। जब तक नदियां बहती हैं, तब तक हमारी संस्कृति बहती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि उठिए, जागिए और प्रकृति की रक्षा में एक प्रहरी बनिए। यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। इस मौके पर श्रम न्यायाधीश रमाकांत मिश्रा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अभिजीत पाण्डेय, रजिस्ट्रार आइजेड खान, सिविल जज एंजेलिना जॉन, डिएफओ विकास पालीवाल, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, डालसा सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, हेमराज चौहान, सिविल कोर्ट के कर्मचारी, नगर निगम एवं वन विभाग की टीम आदि उपस्थित थे।

# राजगंज डिग्री कॉलेज में विवाद पर लगा विराम प्राचार्य डॉ शर्मिला रानी ने ग्रहण किया प्रभार





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/राजगंज।** राजगंज डिग्री कॉलेज में प्रभारी प्रचार्य को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को तत्काल विराम लग गया। विश्वविद्यालय की ओर से नवनियुक्त धनबाद एसएसएलएनटी कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शर्मिला रानी ने इस दिन प्रभार ग्रहण कर लिया। जिसकी अधिसूचना बुधवार को ही जारी की गई थी। विश्वविद्यालय की अधिसूचना जारी होने एवं प्रचार्य की नियुक्ति संबंधित जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग कॉलेज के गेट पर बैठ गये। सभी महाविद्यालय के ही किसी शिक्षक को प्रचार्य बनाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस समस्या से निपटने के लिए बाघमारा सीईओ, बीडीओ, मजिस्ट्रेट, राजगंज थाना प्रभारी सदलबल मौके पर मौजूद थे। स्थिति गंभीर होते देख अतिरिक्त महिला और पुरुष पुलिस बल को तैनात किया गया। कतरास इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को जबरन वहां से हटा दिया। इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया, जिसमें महेंद्र महतो, विनय शर्मा, शिक्षक सुरेश प्रसाद महतो, नरेश महतो और राजू कुमार शामिल थे। बतातें चलें कि बुधवार को विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राजगंज डिग्री कॉलेज की शाषि निकाय को भंग करते हुए नई स्थायी कमेटी के गठन के लिए सदस्यों का चयन एवं कॉलेज के स्थायी प्राचार्य नियुक्ति तक विश्वविद्यालय द्वारा अस्थाई तौर पर नियुक्त प्राचार्य कार्यरत रहेंगीं।

## प्रदूषण मुक्त करने को लेकर 10.22 करोड़ की आवंटित राशि का कोई पता नहीं : रामचंद्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड किसान विकास संघ की ओर से गुरुवार को भटिंडा फॉल स्थित दामोदर नदी एवं कतरी नदी के संगम स्थल पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गंगा आरती की तर्ज पर आरती की गई। इस अवसर पर भटिंडा फॉल में पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर विचार गोष्ठी आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र रवानी और संचालन उमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर रामचंद्र रवानी ने कहा कि विगत 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। दामोदर एवं उनकी सहायक नदियों पर जन जागरण सह पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आज 45 दिन पूरे हुए। इस दिन पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का समापन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों पर आने वाले खतरों के प्रति आगाह भी किया। कहा कि जल, जंगल, जमीन की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही है। प्रकृति के संरक्षण के लिए पर्यावरण को बचाना बहुत आवश्यक है। कहा कि साल 1999 के पदयात्रा के बाद पर्यावरण विभाग ने 10 करोड़ 22 लाख रुपये की स्वीकृति दी थी जिसमें करगली, दुगदा, बोकारो, सुदामडीह, सिंदरी, महुदा, कोलवसारी आदि जगहों को प्रदूषण मुक्त किया जाएगा, लेकिन आज तक उस पैसे का क्या हुआ इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। उन जगहों कि तस्वीर जैसे की तैसी बनी हुई है।

## प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए : विकास महतो



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को कोरकट्टा पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें टुंडी के भाजपा नेता विकास महतो ने भाग लेकर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## सीएसआइआर-सीआइएमएफआर ने पौधरोपण अभियान के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) ने विश्व पर्यावरण दिवस को 'प्लास्टिक प्रदूषण से मुकाबला' विषय पर कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। यह कार्यक्रम प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जल संसाधन प्रबंधन समूहों द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें छात्रों, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों ने पूरे दिन उत्साह से भाग लिया। इस दौरान सुबह में कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता, शोध छात्रों, परियोजना कर्मियों और प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर रहे छात्रों द्वारा मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां दी गई। जबकि दोपहर का सत्र दीप प्रज्वलन और निदेशक के स्वागत भाषण से शुरू हुआ। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक ने पर्यावरणीय क्षरण और माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की, जो अब मानव मस्तिष्क में भी पाया जा रहा है। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में संस्थान की भूमिका बताई और टिकाऊ जीवन के लिए 5आर सिद्धांत (रिफ्यूज, रिड्यूश, रियूज, रिपर्पज, रिसाइकिल) यानी मना करें, कम करें, पुनः उपयोग करें, नया रूप दें, पुनर्चक्रण करें) अपनाने की अपील की। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार (पूर्व महानिदेशक, वन विभाग) ने वैज्ञानिकों, नीति-निमार्ताओं, छात्रों और नागरिकों से मिलकर पर्यावरण के लिए काम करने का आह्वान किया। कहा कि सीएसआईआर-सीआईएमएफआर भविष्य के लिए हरित दिशा में उदाहरण बन सकता है। डॉ संजय कुमार ने सिंफर को प्लास्टिक वेस्ट का खान पुनरुधान में उपयोग, रिसाइकल्ड प्लास्टिक का माइन मशीनरी में उपयोग और प्लास्टिक का फ्यूल बनाने में उपयोग करने का निर्देश दिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि विकास पालीवाल, धनबादजिला वन अधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास को 1972 की स्टॉकहोम सम्मेलन से जोड़ा। बताया कि अब केवल आयोजन नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण, जल संकट और ऊर्जा की अधिक खपत को हमारी अस्थायी आदतों का परिणाम बताया। वहीं, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर जावेद इकबाल ने कहा कि वायु और प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के लिए शोधकर्ताओं, नीति-निमार्ताओं, छात्रों और आम जनता को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने शोध, जागरूकता और नवाचार पर जोर दिया। इसके बाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम का समापन डॉ सिद्धार्थ सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव और वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ हुआ।

## बकरीद पर अफवाहों से बचने की अपील

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को लेकर झरिया थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झरिया सीओ मनोज कुमार सिंह और झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन सिंह ने किया। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने बकरीद को लेकर सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की। थाना प्रभारी लोगों से पारस्परिक सौहार्द बनाते हुए बकरीद खुशी के साथ मनाने की अपील की। कहा कि त्योहार के दिन पुलिस चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। किसी भी तरह के भ्रामक प्रचार पर ध्यान ना दें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचें। वहीं, झरिया सीओ ने कहा कि एक बात का ध्यान रहे कि प्रतिबंधित मांस का इस्तेमाल ना हो। उन्होंने उपस्थित सभी से बारी-बारी से पर्व की जानकारी ली। कहा कि हर मामले में पुलिस प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने की भनक लगते ही पुलिस को सूचना दें।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय अधीक्षक, उपकारा, बरही (हजारीबाग)
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दुरभाष संख्या-06543–297017

अति अल्पकालिन ई0–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | उपकारा, बरही (हजारीबाग) |
| 2. | विषय | उपकारा बरही में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू,फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय, आपूर्ति के निमित अति अल्पकालिन ई0–निविदा का आमंत्रण (वार्षिक ई0–निविदा दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक 10.06.2025 से 18.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने का तिथि | दिनांक 10.06.2025 से 18.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक 19.06.2025 से 20.06.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | 19.06.2025 से 20.06.2025 तक के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 21.05.2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में। |

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा बरही के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उपकारा, बरही (हजारीबाग)
PR 354307 Prison(25-26).D

## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वांग दक्षिणी में पौधरोपण सह संरक्षण कार्यक्रम आयोजित



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को गोमिया प्रखंड के स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत विभिन्न जगहों पर पौधारोपण सह पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वांग दक्षिणी पंचायत सभागार में जागृति कंप्यूटर सेंटर की ओर से 'प्लास्टिक के उपयोग पर रोक' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और पेड़ लगाने के साथ ही उसे बचाने में अपना अहम भूमिका निभाने एवं प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जागृति कंप्यूटर सेंटर के निदेशक विनोद कुमार यादव ने किया है। इस मौके पर स्वांग दक्षिणी पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, भाजपा गोमिया मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित यादव के साथ ही जागृति कंप्यूटर सेंटर के सभी विद्यार्थी आदि उपस्थित थे। वहीं, स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्वांग दक्षिणी की पंचायत सचिव रितु कुमारी, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापिका तारामनी कच्छप एवं जलसहिया की अध्यक्ष निशा कुमारी आदि मौजूद रहीं। इस दौरान स्वांग दक्षिणी की पंचायत सचिव रितु कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया और इसके लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाने का संकल्प दिलाया। जबकि पूर्व मुखिया धनंजय सिंह ने कहा कि सिर्फ विशेष दिवस पर पौधारोपण करने से हमारा पर्यावरण संरक्षित नहीं होगा। इसके लिए जब भी समय मिले पेड़ लगायें और उसकी देखभाल कर उसे बड़ा करें, तभी हमारा वातावरण हरा भरा रहेगा। प्रभारी प्रधानाध्यापिका तारामनी कच्छप ने उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया और उन्हें पेड़-पौधे लगाने, जल संचयन करने और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर जलसहिया दीदियों और विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के प्रांगण में सामुहिक रुप से आम और शीशम के पौधे लगाये गये। इस मौके पर शिक्षिका शोभा कुमारी, श्वेता कुमारी, जलसहिया पुनम यादव, मीना देवी, रेखा देवी, अन्नु देवी, पुनम देवी, अनिता देवी, राधा देवी एवं बेवी देवी मौजूद थीं।

## मजदूरों के उचित वेतन की मांग को लेकर जश्रसं का आंदोलन चौथे दिन भी जारी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला देवप्रभा आउटसोर्सिंग में कार्यरत श्रमिकों को एचपीसी के तहत वेतन एवं आठ घंटा नियमित ड्यूटी को लेकर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। जश्रसं नेता पप्पू पासवान एवं रवि मिश्रा ने कहा कि कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही है। बहुत कम वेतन पर 12 घंटे काम लिया जा रहा। इस लिए मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने को निकाली गयी जागरूकता रैली

# पर्यावरण के बिना स्वस्थ मानव जीवन की कल्पना करना बहुत मुश्किल : नित्यानंद

**विश्व पर्यावरण दिवस पर जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में किया गया पौधारोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बलियापुर रोड कोलाकुसुमा स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सह जेपी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, कॉलेज की निदेशक डॉक्टर किमी नित्यानंद मंडल, जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, जेपी कॉलेज फार्मेसी की प्राचार्या नीलम सिंह सहित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की। चारों ओर पौधारोपण किया एवं कॉलेज के आसपास बैनर एवं हाथों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश की तख्तियां लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। कॉलेज के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि पर्यावरण के बिना स्वस्थ मानव जीवन की कल्पना करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में हम सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए, पर्यावरण को बचाने के लिए अपने घरों, कार्यालय एवं आसपास उपयुक्त स्थानों पर कम एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही बच्चों और युवाओं को पौधारोपण के प्रति प्रेरित करें। जेपी हॉस्पिटल एवं जेपी कॉलेज परिसर में पौधारोपण के बाद जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं ने रैली निकाल कर लोगों से पर्यावरण को संरक्षित रखने की अपील की। अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा एवं भविष्य में हरे भरे वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण का महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए कॉलेज की ओर से जागरूकता रैली निकाली गयी है। पूरे वर्ष जेपी ग्रुप की ओर से पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित होता रहता है। इस वर्ष भी वृहद पैमाने पर पौधे लगाए, ताकि हमारे आसपास और देश का पर्यावरण स्वच्छ रहे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से समर कैंप का आयोजन

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन की झरिया इकाई की ओर से आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को डिगवाडीह और मालकेरा सामुदायिक केंद्रों में एक प्रेरणादायक समारोह के साथ समापन हुआ। 27 मई से 5 जून तक आयोजित शिविर में 800 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। 8 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के लीज क्षेत्र या समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले बच्चों के लिए आयोजित इस शिविर का फोकस तीन प्रमुख खेल विद्याओं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और फुटबॉल पर रहा। जामाडोबा और सिजुआ में आयोजित इस शिविर में क्रमशः जामाडोबा से 518 बच्चों और सिजुआ से 282 बच्चों ने भाग लिया। कुल 280 बालिकाओं की भागीदारी ने खेलों में समावेशिता और समान अवसर के प्रति टाटा स्टील फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती दी।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ........................................./ दिनांक ................................ /

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 12/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 19.06.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.06.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :–क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | REPLACING OF CEMENT ASBESTOS SHEET WITH GALVANISED IRON PROFILE SHEET FOR SIDDHU KANHU HOUSE AND BIRSA MUNDA HOUSE AT JAY HIND RESIDENTIAL SAINIK SCHOOL TILAIYA IN KODERMA DISTICT | 24,98,860.00 | 5000.00 | 50,000.00 | 3 MONTH |
| 2 | REPLACING OF CEMENT ASBESTOS SHEET WITH GALVANISED IRON PROFILE SHEET FOR GANDHI HOUSE AND AMBEDKAR HOUSE AT JAY HIND RESIDENTIAL SAINIK SCHOOLTILAIYA IN KODERMA DISTIC. | 20,16,842.00 | 5000.00 | 40,500.00 | 3 MONTH |

नोट:– निविदा एवं परिमाण विपत्र क्रय करने की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा
PR 354285 (Building)25-26*D